
अज्ञात कारणों से लगी आग : कैलाश नगर स्थित विद्युत मंडल के यार्ड में लगभग 30-35 ट्रांसफार्मर रखे होते हैं। इन ट्रांसफॉर्मर में ही आग लगी थी। इस आगजनी के पीछे का कारण क्या है, इसकी जांच की जा रही है।

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 2 दिसंबर 2024



# यार्ड में रखे ट्रांसफार्मर में लगी आग, घर छोड़कर भागे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के कैलाश नगर स्थित बिजली ऑफिस के यार्ड में रखे ट्रांसफार्मर में आज शाम भीषण आगजनी हो गई। इस हादसे में एक के बाद एक ट्रांसफार्मर ब्लास्ट होते गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर दमकल वाहन मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

बिजली विभाग के कार्यालय परिसर में लगी इस आग से लाखों रुपए के ट्रांसफार्मर जल गए हैं। इस भीषण आगजनी के चलते विभाग को बड़ा नुकसान हुआ है। आग की लपटे इतनी भयावह थी कि लगभग 2 किलोमीटर दूर से भीषण धुंआ दिखाई दे रहा था।

**अवकाश होने के चलते बड़ा हुआ हादसा :** रविवार होने के चलते ऑफिस के सभी कर्मचारी कार्य पर नहीं थे। मोहल्ले के लोगों ने ही ट्रांसफार्मर की फटने की आवाज सुनी और आग की लपटे उठते देख पुलिस और बिजली विभाग के अधिकारियों को सूचित किया। इसके बाद दमकल वाहन मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। अवकाश होने के चलते समय पर आगजनी की खबर नहीं मिल पाई। जिसके चलते आग पूरे यार्ड में फैल गई और कई ट्रांसफार्मर इसकी चपेट में आ गया।

## कैलाश नगर स्थित बिजली विभाग में हादसा, घंटेभर बाद बुझी आग

### आग से दहशत में आए लोग

ट्रांसफार्मर यार्ड में लगी आग इतनी भयावह थी कि लोग मोहल्ला छोड़कर भागने लगे। यहां निवासरत सेमबाई और नजमा खान का कहना है कि ट्रांसफार्मर के फूटने की आवाज आ रही थी। वहीं बाहर निकलकर देखने पर भयंकर धुंआ दिखाई दे रहा था। सभी अपनी जान बचाकर भागने लगे। उन्होंने कहा कि इस आग की दहशत इतनी थी कि सभी मोहल्ला छोड़कर भाग रहे थे।



### कलेक्टर-एसपी मौके पर पहुंचे

ट्रांसफार्मर में लगी इस भीषण आग की सूचना मिलने पर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि सीएसईबी के ट्रांसफार्मर यार्ड में आग लगी थी, जिस पर काबू पा लिया गया है। उन्होंने कहा कि इस आगजनी में कोई जनहानि नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि आग लगने से ट्रांसफार्मर को नुकसान हुआ है।

### बफर लिमिट से दो गुना धान का स्टॉक जाम, अब समिति प्रबंधक भी नाराज

# उठाव सिर्फ 15 हजार क्विं..केंद्रों में 28 लाख क्विं धान जाम, खरीदी के लिए स्थान नहीं!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मिलर्स के असहयोग आंदोलन से परिवहन की व्यवस्था पूरी तरह से ठप पड़ी हुई है। हालांकि प्रशासन ने अपने स्तर पर परिवहन कराने का जिम्मा उठाया है, लेकिन वह नाकाफी साबित हो रहा है। आलम यह है कि अविभाजित राजनांदगांव जिले के 160 उपार्जन केंद्रों में 28 लाख क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। जबकि परिवहन के नाम पर महज प्रंद्रह हजार क्विंटल धान ही उठाया जा सका है।

ऐसे में सभी उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट से दोगुना तक स्टॉक हो गया है। इस स्थिति को देखते हुए समिति प्रबंधकों ने भी अब हाथ खड़े कर दिए हैं। उन्होंने ज्ञापन के जरिये प्रशासन को भी इस हालत से अवगत करा दिया है। प्रबंधकों के अनुसार जब तक तेज रफ्तार से परिवहन शुरू नहीं होगा, खरीदी करना संभव नजर नहीं आ रहा है। केंद्रों में जाम की वजह से टोकन ले चुके किसानो से भी खरीदी नहीं हो पा रही है। इधर मिलर्स भी उनकी मांगे पूरी नहीं होने तक मानने को तैयार नहीं दिखाई दे रहे हैं। प्रदेशव्यापी उनके आंदोलन के चलते धान खरीदी की प्रक्रिया प्रभावित हो गई है।

## बारदाना को लेकर भी किल्लत की स्थिति, खरीदी प्रभावित



### जिले में 5500 क्विंटल उठाव

राजनांदगांव जिले में पिछले चार दिनों से उठाव शुरू कर दिया गया है, लेकिन अब तक महज 5500 क्विंटल धान ही उठाव हो पाया है। जबकि जिले में 32142 किसानों से 15.67 लाख क्विंटल खरीदी हो गई है। खैरागढ़ जिले में 15908 किसानों से 8.53 लाख क्विंटल खरीदी के बाद सिर्फ 9670 क्विंटल धान उठा है। मोहला-मानपुर जिले में 7696 किसानों से 3.73 लाख क्विंटल खरीदी के बाद भी शून्य परिवहन हुआ है।

### पिछले बार उठ गया था 2.87 लाख क्विंटल

उपार्जन केंद्रों में जाम की स्थिति को ऐसा समझा जा सकता है। पिछले साल 30 नवंबर तक राजनांदगांव जिले में लगभग 14 लाख क्विंटल धान खरीदी के साथ ही 2.87 लाख क्विंटल धान का परिवहन भी कर लिया गया था। जबकि इस बार इस अवधि तक जिले में 32 हजार से अधिक किसानों से 15.67 लाख क्विंटल खरीदी के बाद भी महज 5502 क्विंटल धान का ही उठाव हो पाया है। पिछले बार से 2.82 लाख क्विंटल का अंतर है। यही वजह है कि उपार्जन केंद्रों में जाम की स्थिति विकराल हो गई है।

### वनांचल में दोहरी समस्या

मोहला-मानपुर जिले के 19 उपार्जन केंद्रों के जरिये किसानों से धान खरीदी हो रही है। यहां अब तक 7906 किसानों से 3.73 लाख क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। जबकि परिवहन शून्य है। अब तक यहां परिवहन की शुरूआत नहीं हो पाई है। इसके अलावा बारदाना को लेकर भी संकट बना हुआ है। किसानों से खरीदी के लिए बारदाना मंगाने से किसानों में भी नाराजगी दिखाई दे रही है।

### ऑफलाइन टोकन के लिए भटक रहे किसान

उठाव नहीं होने से जहां उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट पार हो गई है। वहीं किसानों को टोकन के लिए भी भटकना पड़ रहा है। भले ही सरकार ने ऑफलाइन और ऑनलाइन टोकन को लेकर सीमा तय कर दी है, लेकिन इसके बाद भी जिले की कई समितियों में अब तक ऑफलाइन टोकन देने की शुरूआत नहीं हो पाई है। इस वजह से किसानों को टोकन नहीं मिल पा रहा है।

# पुलिस अधीक्षक ने डोंगरगढ़ थाना का किया निरीक्षण



**डोंगरगढ़।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने डोंगरगढ़ थाना एवं मोहारा पहुंचकर पुलिस स्टाफ से मुलाकात की एवं निरीक्षण किया। इस दौरान लंबित मामलों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी दिए।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने थाना डोंगरगढ़ एवं ओपी मोहारा पहुंचकर थाना के रजिस्ट्रर, रोजनामचा, लंबित अपराध, लंबित शिकायत पत्र आदि का अवलोकन कर लंबित मामलों को किसी भी स्थिति में जल्द से जल्द पूरा करने कहा गया। थाना की साफ-सफाई व जवानों की वेशभूषा को देखे। साथ ही थाना के शस्त्रागार, रिकार्ड रूम का निरीक्षण किया। थाना एवं चौकी भवन का भी निरीक्षण किए। थाना एवं चौकी में शिकायत लेकर आने वाले फरियादियों को किसी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए विशेष ध्यान रखने हेतु समझाईस दिया गया। साथ ही पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से उनकी समस्या पूछकर निदान हेतु आश्वासन दिया गया। इस दौरान डोंगरगढ़ एसडीओपी आशीष कुंजाम, थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, ओपी मोहारा प्रभारी निरीक्षक ढाल सिंह एवं थाना, चौकी स्टाफ उपस्थित थे।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. किशोर सांगोड़े
MBBS, MD (Internal Medicine)
• ब्लड प्रेशर • शुगर • थायराइड
• बुखार • खांसी • छाती रोग
• पेट रोग • किडनी • लकवा • माइग्रेन
• श्वास तथा हृदय संबंधित समस्या • नसों से संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

# पुलिस कर्मियों पर लूट का आरोप पूर्व विधायक ने की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खुज्जी क्षेत्र के दीवानटोला निवासी दो युवकों के साथ पुलिसकर्मियों द्वारा मारपीट कर उनके रुपए छीने जाने के मामले को लेकर पूर्व विधायक छन्नी साहू ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते आरोपी पुलिस कर्मियों को निलंबित करते उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पूर्व विधायक ने बताया कि खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के दीवानटोला निवासी विकास बंधे और नीतेश टोंडल थ्रेसर मशीन चलाकर धान मिंजाई का कार्य करते हैं। बीते 27 तारीख को वह अपने कार्य के रुपयों की वसूली कर घर लौट रहे थे, तभी गैंदाटोला थाना की पुलिस ने उन्हें धर्मूटोला के समीप रोका और मारपीट करते दोनों युवकों के पास रखे 50 हजार रुपए लूट लिए। इसके बाद पुलिस वाले दोनों युवक को थाना ले गए और थाना में भी उनके साथ मारपीट की गई।

### निलंबित करने की मांग




पूर्व विधायक ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते कहा कि उनके सरकार में अब पुलिस वाले ही लूट और डकैती कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के दीवानटोला निवासी इन दो दलित युवकों से पुलिस कर्मियों ने 50 हजार रुपए लूटा है। उन्होंने कहा कि अगर युवक किसी मामले में दोषी हैं तो नियमानुसार कार्रवाई हो, लूट और मारपीट करने वाले पुलिस कर्मियों को तत्काल निलंबित किया जाए।

### आवेदन दिया, कार्रवाई नहीं

पूर्व विधायक छन्नी साहू ने कहा कि पीड़ितों ने उन्हें एक आवेदन के माध्यम से अवगत कराया है कि पुलिस द्वारा मारपीट किए जाने के बाद रात्रि लगभग 2.30 बजे उन्हें छोड़ गया और दूसरे दिन दोनों युवक अपना इलाज कराने छुरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचे और इस मामले की शिकायत भी की, लेकिन आरोपी पुलिस वालों पर कार्रवाई नहीं हुआ।

# कांग्रेस भवन में जेसीबी के सामने बैठे व्यापारी, जर्जर भवन तोड़े जाने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के जयस्तंभ चौक स्थित कांग्रेस भवन निर्माण कार्य को लेकर पुरानी बिल्डिंग तोड़ी जा रही है। इस दौरान कांग्रेस भवन परिसर में बनी दुकानों के व्यापारियों ने कांग्रेस भवन की जर्जर बिल्डिंग को तोड़े जाने का विरोध करते दुकानों को क्षति पहुंचने की बात कही है।

कांग्रेस भवन परिसर में बनी सभी दुकानों के व्यापारी कांग्रेस भवन पहुंचे और जेसीबी के सामने आकर दुकान क्षेत्र को तोड़े जाने का विरोध किया। व्यापारियों के विरोध करने की सूचना मिलने पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी मौके पर पहुंचे और व्यापारियों को समझाईश दी।

⏩ शेष पेज 10 पर



**लगभग 65 वर्षों से काबिज हैं व्यवसायी :** कांग्रेस भवन की जमीन कांग्रेस भवन ट्रस्ट को दान की गई थी। इसके बाद यहां वर्ष 1960 से लोग अपना व्यवसाय कर रहे हैं। जिनके पास किराये की पुरानी रसीदें भी है। नियम अनुसार किराया लेकर उन्हें दुकान बनाकर दिया जाए, कांग्रेस पदाधिकारी द्वारा लाखों रुपए पगड़ी के रूप में मांगा जा रहा है, जिसे देने सक्षम नहीं हैं।

**जीविका का साधन होगा प्रभावित :** कांग्रेस भवन परिसर में लगभग 22 दुकानें हैं। भवन निर्माण के लिए इन दुकानों को तोड़ा जाना है। यहां के व्यापारियों ने वर्ष 2018 तक 200 रुपए किराया पटाया है। अब उनसे कोई किराया भी नहीं ले रहा है। दुकान तोड़े जाने से उनकी जीविका का साधन प्रभावित हो जाएगा।

### विधिवत दिया था नोटिस

इस मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्रीकिशन खंडेलवाल का कहना है कि व्यापारियों के साथ बैठक की गई थी। इस मीटिंग में उनको कई प्रस्ताव दिए गए हैं और 2 दिन का समय जवाब के लिए दिया गया था, लेकिन 20 दिन हो गए, किसी भी व्यापारी ने अपना कोई जवाब नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर ने भवन का निरीक्षण किया था। वहीं इसे जर्जर घोषित करने के बाद अब निगम द्वारा तोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को 6 माह पहले ही दुकान खाली करने कहा गया था। उन्होंने कहा कि यह व्यापारी हमारे किरायेदार भी नहीं है। व्यापारी 7-8 साल से किराया नहीं दे रहे हैं। व्यापारियों को विधिवत नोटिस जारी किया गया था।

## बदली की वजह से न्यूनतम तापमान में इजाफा, पहुंचा 18.5 डिग्री

# फेंगल तूफान का असर: दिनभर छाए रहे बादल, अधिकतम तापमान पहुंचा 28 डिग्री..अंचल में आज बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बंगाल की खाड़ी में बने फेंगल तूफान का असर राजनांदगांव जिले में भी देखने को मिल रहा है। तूफान की वजह से दिन में बदली छाई रही। जिसकी वजह से अधिकतम तापमान में गिरावट के साथ ही दिन में भी ठंड का एहसास होने लगा। विभाग के मुताबिक अगले पांच दिन और ऐसा ही मौसम बना रहेगा। इसी बीच हल्की बारिश की भी संभावना जताई गई है। ठंड बढ़ते ही गर्म कपड़ों का बाजार भी रौनक हो गया है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण-पश्चिम बंगाल के खाड़ी में बना चक्रवात फीजल का आगमन हो चुका है। बंगाल की खाड़ी से वातावरण के निम्न स्तर पर प्रचुर मात्रा में नमी का आगमन लगातार जारी है। इसके प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में निम्न स्तर और मध्य स्तर के बादल छाए हुए हैं। प्रदेश में कल मध्य छत्तीसगढ़ में बहुत हल्की से हल्की वर्षा होने तथा बस्तर संभाग और उससे लगे जिलों में गरज-चमक के साथ अनेक स्थानों पर वर्षा होने की संभावना है। प्रदेश में कल भी बादल छाए रहने की संभावना है। जिसके कारण न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है और अधिकतम तापमान में भी कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। बस्तर संभाग में 4 दिसंबर तक वर्षा होने की संभावना है।



**28 डिग्री पहुंचा तापमान :** तूफान के कारण अगले 3-4 दिन प्रदेश में नमी का असर रहेगा। 2-3 दिन तक मौसम ठंडा और गर्म बना रहेगा। जिले का अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। इस दौरान बादल छाने की वजह से ठिठुरन से राहत मिलेगी, लेकिन तीन दिसंबर के बाद तापमान में तेजी से गिरावट होने की संभावना है।

### दिन से जले अलाव

अब तक ठंड की वजह से लोग अपने आप को गर्म रखने के लिए रात में ही अलाव का सहारा ले रहे थे, लेकिन रविवार को बादल छाए रहने की वजह से दिन में भी ठंड का वातावरण रहा। जिसकी वजह से सुबह से ही अलाव का सहारा लेते हुए लोग दिखाई दिए।

### माय एंगल




एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श
मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
राम नगर, सुपेला, भिलाई
प्रदेश के सुप्रसिद्ध पेट, आंत, लीवर एवं पैन्क्रियास रोग विषेशज्ञ



डॉ. अर्पण जैन
एमबीबीएस, एमडी (गोल्ड मेडलिस्ट), डीएम (गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट)
आपके शहर राजनांदगांव में
पेट, आंत, लीवर एवं पैन्क्रियास रोग के लक्षण
भूक न लगना, एसीडिटी, पेट में दर्द, जलन, घाव, गांठ, पानी भरना, टी.बी. होना, लीवर में चर्बी जमना, आंतों का कैंसर, हेपेटाईटिस, पित्त की नली में पथरी, खाना न पचना व अन्य
समस्त एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, ईआरसीपी प्रक्रियाएं
पैन्क्रियाटाइटिस एवं पैंक्रियाज के कैंसर का इलाज
दिनांक : 03 दिसम्बर 2024, मंगलवार
स्पर्श चाईल्ड केयर
बीएसएनएल माइक्रोवेब टॉवर के पास, भदौरिया चौक, जी.ई. रोड, राजनांदगांव
समय दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक
-: अग्रिम पंजीयन हेतु कॉल करें :-
90981 22633, 7773010942
Deepak Advts.

## खबर संक्षेप

### श्रमदान कर गार्डन में किया सफाई



**डोंगरगांव।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर पंचायत की स्वच्छता दीदियों ने रविवार को 2 घंटे तक मां बमलेश्वरी शांति उद्यान में अभियान चलाकर सफाई किया। सीएमओ विनम्र जेमा ने बताया कि स्वच्छता दीदियों द्वारा शासन के आदेश का पालन करते हुए शहर में सतत सफाई किया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से शहर का साफ रखने और दुकानों- घरों से निकलने वाले कचरे का सड़क पर नहीं फेंकने और उसे जमा कर स्वच्छता दीदियों को देने का आव्हान किया है।

### विद्यार्थियों ने ली संविधान की शपथ



**जालबांधा।** महाविद्यालय में नवपदस्थ प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को उद्देशिका के माध्यम से शपथ ग्रहण कराया। तत्पश्चात उन्होंने संविधान के महत्व को बताया और कहा कि संविधान लोकतंत्र की आधारशिला है। यह कर्तव्य और अधिकारों की जानकारी देता है। प्रो. संजय देवांगन एवं स्टाफ ने पुष्पगुच्छ भेंटकर प्राचार्य डॉ गुप्ता का स्वागत किया। श्री देवांगन ने प्राचार्य का परिचय देते हुए उनके अनुभव के संबंध में विस्तार से बताया। डॉ नवीनसिंह राजपूत ने भी संविधान पर अपने विचार रखे।

### बाल मेला में शामिल हुए विधायक साहू



**खुज्जी।** प्राथमिक शाला पथर्री में गत दिनों बाल-मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक भोला राम साहू शामिल हुए। श्री साहू ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उत्साहवर्धन किए। विधायक ने बच्चों के स्टॉल में जाकर सामाग्री ख़रीदा। इस दौरान सरपंच अंजलि धावडे, कौशल वर्मा, हरीश सोनी, देवारुराम मालेकर, तकेश्वर देवांगन, गुहराम देवांगन, नारायण साहू, रामगुलाल धावड़े, कन्हैयालाल, पन्नालाल, राजकुमार ठाकुर, भगवानी कन्नौजे, उद्दलराम साहू, राजकुमार बोरकर, मनोहर साहू, रतन देवांगन, चुन्नू बोरकर, यादराम, रुक्मणी वर्मा, कांति देवांगन, पारख दास साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### अग्रवाल समाज के अध्यक्ष बने लक्ष्मीनारायण



**डोंगरगढ़।** अग्रवाल सभा की आमसभा का आयोजन अग्रसेन भवन में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिकजन शामिल हुए। सचिव प्रणय अग्रवाल ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की और नए अध्यक्ष के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किया। अध्यक्ष पद के लिए लक्ष्मी नारायण अग्रवाल के नाम पर सहमति बनी, जिसका सभा ने अनुमोदन किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष को बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, गोपाल नरेड़ी, कमलकिशोर लोहिया, महेंद्र अग्रवाल आदि ने बधाई दिया है।

### शक्कर कारखाना का लिया जायजा



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय की बीकॉम अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने गत दिनों प्राचार्य डॉ ईवी रेवती के मार्गदर्शन में भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना कवर्धा का भ्रमण किया। छात्र-छात्राओं को शक्कर उत्पादन की प्रक्रिया और कारखाना से संबंधित उपकरणों की जानकारी जनरल मैनेजर अंकित मरकाम ने दिया। विद्यार्थियों ने भोरमदेव मंदिर के सौंदर्य और ऐतिहासिक मान्यताओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त किया। यहां विद्यार्थियों ने बोटिंग आ आनंद लिया। इस मौके पर सहायक प्राध्यापक जीके यादव, बेदप्रकाश साहू, पुर्वेश बांधव, अंजलि देवांगन मौजूद थे।

### तहसील कार्यालय में दलाल हावी

**डोंगरगढ़।** तहसील कार्यालय में पटवारी, आरआई, बाबू चैनल बनाकर अवैध वसूली करने में लगे है। यह लोग शिकायतों पर कार्रवाई करने के बजाए लेनदेने कर मामले को रफादफा कर देते है। एसडीएम द्वारा जांच आदेश को भी महीनों लटका कर रखा जाता है। कार्यालय के बाबू शिकायत से जुड़े लोगों को बुलाकर उघाई करते है। कुछ मामलों में नोटिस जारी करने के बजाय दलालो के माध्यम से समझौता करा दिया जाता है। पिछले दो साल में अवैध प्लाटिंग के मामले सामने आए पर किसी में कार्रवाई नहीं हुई। इसी प्रकार शहर में आदिवासी की जमीन को बेचने का मामला सामने आया था। अवैध ईंट भट्ठा संचालकों से भी बेजा वसूली किया जा रहा है। इस मामले में तहसीलदार मुकेश ठाकुर ने बताया कि विभागीय कार्य एवं छुटटी के कारण कुछ मामलों की जांच लंबित है। लेन देन का आरोप गलत है।

### विद्यालय के विकास पर चर्चा



**तुमड़ीबोड़।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में एक दिवसीय जिला स्तरीय चिंतन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विद्यालय एवं बच्चों का सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा समिति के अध्यक्ष, व्यवस्थापक एवं प्रधानाचार्यों ने विचार विमर्श किया। बैठक में 34 विद्यालय के अध्यक्ष, व्यवस्थापक, प्रधानाचार्य एवं पदाधिकारी सहित कुल 90 लोग शामिल हुए। इस दौरान मुख्य वक्ता कृष्ण कुमार वैष्णव थे। विशेष अतिथि चिंताराम साहू, तिलक सिन्हा, हेमराय सिन्हा, अमरोतन साहूने मां सरस्वती, भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया। श्री वैष्णव ने बुनियादी शिक्षा एवं चिंताराम साहू ने विद्यालय एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास पर प्रकाश डाला। बैठक में पूनमचंद साहू, डामन जोशी, धनीराम यादव, नूतन यादव, भूषण गजेंद्र, देवेंद्र नंदेश्वर, प्रज्ञा श्रीवास्तव एवं उर्वशन साहू उपस्थित थे।

## पंचायत बनाने के लिए सालों से देते आ रहे आवेदन

# नहीं मिला पंचायत का दर्जा चुनाव में हिस्सा नहीं लेंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

डोंगरगांव। तमाम शर्ते पूरा करने के बाद पंचायत का दर्जा नहीं मिलने से नाराज दर्राबांधा के ग्रामीणों ने पंचायत चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों कई वर्षों से अलग पंचायत बनाने की मांग करते हुए आवेदन देते आ रहे है किन्तु प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार अनदेखी किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि दर्राबांधा को पंचायत की मांग करते हुए गत 8 अगस्त को कलेक्टर को आवेदन दिया गया था। इसी क्रम में 10 अक्टूबर को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को एवं कलेक्टर को आवेदन सौंपा गया। 22 अगस्त को ग्रामीणों ने पुनः विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ एवं एसडीएम को आवेदन देकर पंचायत बनाने की मांग रखा। पूरी कोशिश करने के बाद भी ग्रामीणों की मांग पूरी नहीं हो सकी है।

**गांव की पर्याप्त आबादी**

ग्रामीणों ने बताया कि 2011 की जनगणना के अनुसार दर्राबांधा की जनसंख्या 1300-1500 के आसपास है। यहां लगभग 900 से 1000 मतदाता है। दर्राबांधा राजस्व ग्राम भी है। उन्होंने बताया कि पंचायत मुख्यालय तेंदुनाला की दर्राबांधा से दूरी लगभग 5 किलोमीटर है जिससे ग्रामीणों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि उचित मूल्य की दुकान, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा एवं पशु चिकित्सा केंद्र तेंदुनाला में होने के कारण दर्राबांधा के ग्रामीणों को 5 किमी की दूरी तय करने पर ही यह सेवाएं मिलती है।

**प्रशासनिक उपेक्षा से ग्रामीण नाराज**

ग्रामीणों ने बताया कि दर्राबांधा की आबादी तेंदुनाला से अधिक है। पंचायत का दर्जा देने के लिए दर्राबांधा सभी मापदंडों पर खरा बैठता है। प्रशासन के उपेक्षापूर्ण बर्ताव को देखते हुए ग्रामीणों ने त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है।

## मितानिनों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कलकसा

ग्राम पंचायत ढ़ारा में गत दिनों मितानिन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना से किया गया। सरपंच राजेंद्र कुमार वर्मा ने गुलाल लगाकर मितानिनों को साड़ी एवं श्रीफल भेंट किया। इस मौके पर

सरपंच श्री वर्मा ने कहा कि मितानिन दीदी अपने स्तर में गांव में बहुत अच्छे ढंग से मानव सेवा कर रही हैं। उनके कार्य के अनुरूप मानदेय मिल रहा है जिससे परिवार का भरण पोषण हो रहा है। स्वस्थ्य विभाग के जनक कुंजाम ने विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि सिकलसेल जांच, आयुष्मान कार्ड, एचबी जांच सहित अन्य सुविधा उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री वय वंदना योजना, टीवी मरीज हेतु निश्चय मित्र बनाने प्रेरित किया। इस दौरान उप सरपंच प्रभात वर्मा, सचिव राजू वर्मा, सीएचओ जनक कुंजाम, एएनएम ओमकुमारी कुंजाम, मितानिन मनीषा वासनिक, जानकी परमार, कौशल्या सेन, मीना टांडेकर, पंच अमरीका मरकाम, ओमप्रकाश मंडलोई, रवि यादव, नंदू वर्मा, राजकुमार वर्मा सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## दिग्विजय कॉलेज में जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में समाज शास्त्र, समाज कार्य एवं मानव विज्ञान के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. किरणलता दामले के निर्देशन तथा डॉ. एके मांडवी, डॉ. अंजली मोहन कोडोपी एवं ललिता साहू के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

उक्त कार्यशाला भारतीय रिजर्व बैंक की डीईए फंड योजना के अंतर्गत जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम विषय पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुनीश शर्मा, नजानीन अली, हितेश मिश्रा, पीएल खैरवार, संतोषी बघेल एवं निमेश साहू आमंत्रित रहे। कार्यशाला अंतर्गत विद्यार्थियों को बैंक से संबंधित डिजिटल भुगतान, बीमा, निवेश के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई तथा सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग व्यवहार के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही विद्यार्थियों को ऑनलाइन फ्रॉड एवं धोखाधड़ी से कैसे बचाया जाए, इस संबंध में विस्तार से समझाया गया। साथ ही ग्राहकों के अधिकारों के संबंध में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों द्वारा अपने शंका-समाधान एवं समस्याओं के संबंध में चर्चा की गई। कार्यक्रम में डॉ. एके मांडवी, डॉ. अंजलि मोहन कोडोपी, ललिता साहू, डॉ. प्रियंका लोहिया, तारिणी साहू, चित्रांशा राठौर, शालिनी सोनी समेत विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## सुरगी सोसायटी की कमान लीलाधर ने संभाली

- किसानों के हित में काम करने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदी



सेवा सहकारी समिति सुरगी के नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी लीलाधर साहू ने गत दिनों पदभार ग्रहण किया। सर्वप्रथम अतिथियों ने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना किया। स्वगात भाषण समिति प्रबंधक जितेंद्र चन्द्राकार ने दिया। मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल ने साय सरकार को किसानों हितैषी बताते हुए कहा कि सरकार किसानों का एक- एक दाना धान लेने कटिबद्ध है। जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने कहा कि सभी को किसानों के लिए काम करना है। जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, कोमलसिंह राजपूत, आनंद साहू, मंडल अध्यक्ष रोहित चन्द्राकार ने भी संबोधित किया। सुरगी सोसायटी के निवृतमान बिसेलाल साहू को शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि के रुप में कृष्णा तिवारी, मनोज साहू, लेखराम निर्मलकर, नारद साहू, सुकृत साहू, पुष्पा गायकवाड, खिलेश्वर साहू, छबि यदु, योगेश बंजारे, नील निर्मलकर उपस्थित थे। इस मौके पर कैलैदी यादव, जितेंद्र साहू, नारायण ठाकुर, भुषण साहू, गुरुचरण सिन्हा, खिलेश्वर साहू, तेजप्रकाश सिन्हा, रैनसिंह साहू, चंद्रप्रकाश साहू, तोमन निषाद, नरोत्तम मंडल, शंकर दीपक, बोधा गहने, कमलेश साहू, परदेशी साहू, भुनेश्वर साहू, मेवा साहू, गैंदलाल चंद्राकर, कृष्णा, तीरथ, अर्जुन, खेमदास साहू, मिलनदास साहू, परखदास साहू, केवल कतलम, हुमन साहू, मानदास साहू, युवराज यादव, मानिक साहु, खेमुदास, जीवनलाल, हेमंत साहू, महेश दिवाकर, मधु साहू, रूखमणी साहू, लक्ष्मी साहू, अमरीका साहू, पसीका साहू, कोमिन साहू आदि उपस्थित थे। संचालन मनोज साहू और आभार लीलाधर साहू ने किया।

## शिविर में जागरुकता के कई काम किए स्वयंसेवकों ने



**ठेलकाडीह।** नवीन महाविद्यालय ठेलकाडीह की रासेयो इकाई द्वारा प्राचार्य एके श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीके साहू के निर्देशन में टोलागांव में आयोजित सात दिवसीय शिविर का समापन 27 नवंबर को हुआ। शिविर में 50 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने स्वच्छता, मतदाता जागरूकता, महिला साक्षरता, स्वास्थ्य आदि विषयों पर ग्रामीणों को जागरूक करने का प्रयास किया। इस अवधि में प्रभातफेरी, रैली, श्रमदान, स्वच्छता कार्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बौद्धिक परिचर्चा आदि का आयोजन किया गया। बौद्धिक परिचर्चा में प्रणय बघेल महाप्रबंधक उद्योग विभाग, तेजस्वी वर्मा काऊंसलर वित्तीय साक्षरता, डॉ. एसआर कन्नौजे रासेयो कार्यक्रम अधिकारी, विनोदसिंह सहायक पशु चिकित्सक, मोनिका दास ने हिस्सा लिया। योग प्रशिक्षक हरीश वर्मा ने स्वयंसेवकों को योग प्रशिक्षण दिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिपं सदस्य घम्मन साहू थे। अध्यक्षता प्राध्यापक डॉ. एलसी सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथि बिसेसरदास साहू, गोरेलाल वर्मा, विष्णुदास साहू, संतराम साहू, ओमप्रकाश साहू, दीपशिखा साहू, बेबी साहू, विजय साहू, चन्द्रभान साहू, प्राचार्य डीके साहू थे। कार्यक्रम अधिकारी श्री साहू, ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए ग्रामवासियों का आभार वयक्त किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. सिन्हा ने विद्यार्थियों को रासेयो के उद्देश्य बताते हुए उन्हे सामाजिक चेतना जगाने और अच्छे नागरिक बनने प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि श्री साहू ने कहा कि रासेयो छात्र-छात्राओं में जिम्मेदारी की भावना लाने का बड़ा माध्यम है। मुख्य अतिथि श्री साहू ने समाज में बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। संचालन प्राध्यापक रेणुका सिन्हा ने किया। इस दौरान सरपंच मनोज साहू, प्राध्यापक बेनविक्रम बर्मन, रेणुका कुंजाम, जॉनसन जॉन, हेमंत जांगड़े, प्राची अंबादे, नेमेन्द्र चंद्राकर आदि मौजूद थे।

### दिनेश बने जीवन दीप समिति के सदस्य



**गंडई पंडरिया।** भाजपा कार्यकर्ता दिनेश भट्ट को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंडई में जीवन दीप समिति का मनोनीत सदस्य बनाया गया है। उनके सदस्य बनने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश मेहता, जिला भाजपा कोषाध्यक्ष राकेश ताम्रकार, मंडल भाजपा उपाध्यक्ष भीखू हिरवानी, राकेश जायसवाल, राकेश ठाकुर, अवधेश मिश्रा, रवि जायसवाल आदि ने उन्हे बधाई दी है।




## धान की दूसरी फसल को लेकर दुविधा में किसान

### अब तक जारी नहीं गाइड लाइन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

क्षेत्र के किसान धान की फसल काटने के बाद उत्पादन को घर और खरीदी केन्द्र में पहुंचा चुके हैं। वहीं बहुसंख्यक किसान अब दूसरी फसल लगाने की तैयारी में हैं। प्रशासन ने दूसरी फसल लगाने को लेकर अब तक गाइडलाइन जारी नहीं किया है जिससे किसान असमंजस में हैं। जिन किसानों के खेतों में पंप है वह धान की दोहरी फसल लेते है क्योंकि धान का उत्पादन अन्य की तुलना में ज्यादा होता है और बाजार मूल्य भी अधिक है। धान की दूसरी फसल मार्च अप्रैल में तैयार होती है इस समय पानी की अधिक जरूरत होती है। पंप से लगातार पानी का दोहन करने से जल संकट गहरा जाता है। जलस्तर नीचे जाने से नदी- नाले और कुएं सूख जाते है।

**बढ़ जाता है जल संकट**

बीते वर्ष क्षेत्र में बहुसंख्यक किसानों ने धान की दोहरी फसल लिया था जिसके कारण पानी की किल्लत हो गई थी। नदी नाले सूख गए थे। नगर पंचायत के बोर भी फेल हो गए थे। लोगों को निस्तार एवं पेयजल की किल्लत का सामना करना पड़ा था। राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों से ने बताया कि गर्मी के दिनों धान की फसल के बोने को लेकर शासन से गाइडलाइन नहीं आई है। जल संकट को देखते हुए किसान धान की दोहरी फसल किसान न ले तो अच्छा है।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### ऊर्जा एवं जल संरक्षण विषय पर कार्यशाला




**राजनांदगांव।** क्रेड़ा विभाग द्वारा संभाग स्तरीय ऊर्जा एवं जल संरक्षण विषय पर कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी में कार्यशाला का आयोजन किया गया। भारत सरकार के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऊर्जा दक्ष पंपों के चयन संचालन, संधारण एवं सुरक्षा की जानकारी तथा नवीनतम तकनीकों को अवगत कराने कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में किसानों के साथ कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यशाला में अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सचिन बघेल ने कहा कि सौर ऊर्जा का उपयोग करने से न केवल ऊर्जा की बचत होगी, बल्कि पर्यावरण का भी संरक्षण होगा। कार्यशाला से प्राप्त जानकारी से कृषक सौर कृषि पंप का चयन, संचालन व संधारण कर ऊर्जा एवं जल संरक्षण में अधिक दक्षता से कर सकेंगे। कार्यशाला में कोमल सिंह राजपूत एवं शक्ति केन्द्र प्रभारी गुरुशरण सिन्हा, तेजप्रकाश सिन्हा, कार्यशाला में क्रेडा जोनल कार्यालय के कार्यपालन अभियंता इन्दुभूषण साहू, जिला प्रभारी क्रेडा पूर्णिमा गुप्ता, उप अभियंता मेघराज साहू, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी डॉ. गुंजन झा एवं क्रेडा विभाग के स्टॉनऊ धीरज वर्मा, मनीष सोनवानी, दीपक सिन्हा सहित कृषक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### निधन

#### पुखराज छाजेड़

**राजनांदगांव।** स्थानीय देवानंद जैन स्कूल में 34 वर्षों तक शिक्षक रहते सेवानिवृत्त हुए पुखराज छाजेड़ का 95 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह अपने पीछे 3 बेटी और 3 बेटे गौतमचंद जैन, विजय जैन और पूर्व महापौर अजीत जैन का भरापूरा परिवार छोड़ गए। वह संजय, सुशील, राजेन्द्र व राजकुमार छाजेड़ के बड़े पिता थे।

---

### ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

# बघेरा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्य शासन की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा गांव के अंतिम व्यक्ति को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए जिले के राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बघेरा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर उपस्थित थे। शिविर में हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

इस अवसर पर शिविर में अतिथियों ने गर्भवती माताओं की गोद भराई के लिए सुपोषण किट प्रदान किया तथा नन्हें बच्चों का अन्न-प्रासन्न किया। डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल ने शिविर में बाल विवाह की रोकथाम के लिए शपथ दिलाई।



#### विस्तारपूर्वक दी जानकारी


डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल ने कहा कि शासन और प्रशासन के प्रयासों से जनता की सभी समस्याओं का समाधान हो जाता है। उन्होंने ग्रामीणों से शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने तथा अपनी समस्या को संबंधित विभाग के समक्ष प्रस्तुत करने कहा। पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने कहा कि जिला स्तरीय जनसमस्या शिविर में सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित है और उन्होंने अपने विभाग के बारे में विस्तारपूर्वक से जानकारी दी है। जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख ने भी ग्रामीणों को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का लाभ लेने कहा।

#### लर्निंग लाइसेंस एवं आयुष्मान कार्ड बनाया गया

शिविर में विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल में शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी दी गई। शिविर में परिवहन विभाग द्वारा लर्निंग लाईसेंस, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाया गया। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में सिकल सेल, टीबी, शुगर, खून जांच ब्लड प्रेशर जांच किया गया तथा निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। आयुर्वेद विभाग के स्टॉल में ब्लड प्रेशर, स्त्री रोग के संबंध में जानकारी प्रदान की गई और आयुर्वेद औषधियों का वितरण किया गया। शिविर में जिला स्तरीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग में शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, उद्यानिकी विभाग, खाद्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, समाज कल्याण विभाग, क्रेडा, विद्युत, पशु चिकित्सा, उद्योग, खादी ग्रामोद्योग, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, पुलिस, श्रम विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जल संसाधन विभाग, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग और परिवहन विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर जनसामान्य को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई और योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य मोहनिश धनकर, सरपंच हरीश देशमुख, जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीणजन उपस्थित थे।

---

## हरप्रसाद ने किया पदभार ग्रहण समिति अध्यक्ष ले रहे जिम्मेदारी



- जनप्रतिनिधियों ने कराया पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शासन द्वारा प्रशासनिक व्यवस्था तहत जिले के सभी वृहताकार सेवा सहकारी समितियों में प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति की है जिसे लेकर लगातार समितियों में नवनियुक्त अध्यक्ष जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में विधिवत पदभार ग्रहण कर रहे है।

बाजार अतरिया समिति में आयोजित समारोह में नव नियुक्त प्राधिकृत हर प्रसाद वर्मा को ग्रामीण मंडल अध्यक्ष केशव चंदेल, महामंत्री देवकुमार सेन, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकुमार जोशी ने औपचारिक पदभार ग्रहण कराया। पदासीन होने के बाद हरप्रसाद वर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्री दयाल दास बघेल, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह और भाजपा जिलाध्यक्ष घम्मन साहू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समिति से सबंधित पंजीकृत किसानों के हितों की अनदेखी ना हो इसका विशेष ध्यान रखते हुए उनकी उन्नति, आर्थिक सबलता सहित हितों को लेकर काम किया जाएगा।

इस दौरान जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा महामंत्री फिरन वर्मा, प्रेमसागर गुप्ता, जयप्रकाश साहू, नरेश कुर्रे, केशलाल वर्मा, कमल शर्मा, जागेंद्र मानिकपुरी, नाथू देवांगन, दादू वर्मा, कैलाश वर्मा, प्रहलाद वर्मा, अंजोरी वर्मा, ओपन साहू ईश्वरी यादव, मुकेश वर्मा, गजेश वर्मा, गणेश वर्मा, उत्तम वर्मा, धुरूवाराम वर्मा, जीवन साहू, गौतम वर्मा, मुकेश वर्मा, ओंकार वर्मा, जयप्रकाश वर्मा, समिति प्रबंधक किशोरी चंदेल, राकेश वर्मा, पोषण वर्मा सहित कर्मचारी और किसान उपस्थित थे। इसी क्रम में सेवा सहकारी समिति मड़ौदा में जितेंद्र वर्मा और भोरमपुर समिति मे नवनियुक्त अध्यक्ष नरेश कुर्रे ने भी कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान अनूप वर्मा, विष्णु साहू गोपाल वर्मा, हेमराय वर्मा, केवल दास, राजेंद्र वर्मा, नन्हे वर्मा, बोधन लहरे, खेमलाल वर्मा, चन्नू वर्मा, केवल चंदेल, राजू वर्मा, युवराज साहू, रघुन्दन वर्मा, गणेश वर्मा, तिजू साहू, भूपेंद्र वर्मा, भोरमपुर समिति प्रबंधक महेश वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

---

## सीईओ ने आवासों का किया निरीक्षण

- हितग्राहियों से संपर्क कर ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत भाठागांव एवं तुमड़ीलेवा में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया तथा हितग्राहियों से संपर्क किया। उन्होंने हितग्राहियों से संपर्क कर योजनांतर्गत आवास निर्माण शीघ्र प्रारंभ करने कहा। जिस पर हितग्राहियों ने आवास सामग्री संकलित कर आवास निर्माण कार्य को जल्द ही प्रारंभ करने का आश्वासन दिया। निर्माणाधीन आवासों के निरीक्षण के दौरान हितग्राहियों को निर्धारित मापदंड के अनुसार समय पर आवास निर्माण पूर्ण करने कहा। उन्होंने बताया कि निर्धारित समय में आवास पूर्ण करने वाले हितग्राहियों को विशेष कार्यक्रम आयोजन कर सम्मान किया जाएगा। सीईओ जिला पंचायत ने हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के संबंध में एवं किस्त प्राप्त होने की जानकारी दी। उन्होंने हितग्राहियों से कहा कि किस्त राशि आवास निर्माण के अनुरूप जल्द प्राप्त होंगी, इसमें किसी भी प्रकार का विलम्ब नहीं होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के जिला एवं जनपद स्तर के दल, तकनीकी सहायक, आवास नोडल अधिकारी, आवास योजना के कर्मचारी तथा ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

---



### छात्रा दीक्षा का राष्ट्रीय योगासन स्पर्धा में चयन

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय की छात्रा दीक्षा ताम्रकार ने रायगढ के ओपी जिंदल विवि में 22-25 नवंबर तक तक आयोजित छग राज्य स्तरीय 5वीं योगासन प्रतियोगिता में आर्टिस्टीक योगासन में द्वितीय स्थान तथा ट्रेडीशनल योगासन में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के आधार पर इनका चयन तुमतुम कर्नाटक में आयोजित राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्राचार्य डॉ. केएल दामले ने इस उपलब्धि के लिए कॉलेज के क्रीड़ाधिकारी अरूण चौधरी तथा छात्रा दीक्षा ताम्रकार को बधाई दी।

---

## रूसे बूथ कमेटी अध्यक्ष बने विनोद

- भाजपा अध्यक्ष की उपस्थिति में चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



टोलागांव शक्ति केंद्र अंतर्गत रूसे में बूथ कमेटी का चुनाव जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू की उपस्थिति में विधिवत हुआ।

चुनाव प्रभारी नारायण साहू, सह प्रभारी विष्णुदास साहू और ओमप्रकाश साहू के सहयोग से आयोजित बूथ कमेटी के चुनाव मे सर्वसम्मति से विनोद साहू को अध्यक्ष बने जबकि बबलू यादव मंत्री, पोषण साहू लाभार्थी प्रमुख, शेखर यादव बीएल टू, सूरज भारती व्हाट्सएप प्रमुख, हेमंत साहू मन की बात प्रमुख सहित 6 अन्य कार्यक्रमों के लिए कीर्तन साहू, जगत साहू, विमल यादव, श्रीमती यमुना साहू, श्रीमती मोनिका साहू और राजकुमारी भारती को प्रमुख बनाया गया। बूथ कमेटी के निर्वाचन पश्चात जिला अध्यक्ष ने निर्वाचित कमेटी के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के परिवार में जिम्मेदारी मिलना सौभाग्य की बात है।

सभी मिलकर पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम विष्णु देव सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओ की जानकारी लोगो को दे और पात्रतानुसार लाभ दिलाने प्रयास करे। बैठक मे गांव के अंतिम छोर के व्यक्तियों को मिल रहे लाभ को लेकर केंद्र व राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान कौशल साहू, लालजी साहू, जगत साहू, बबलू यादव, हेमंत साहू, शेखर साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

## रामपुर में मनाया स्वच्छता त्यौहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह के निर्देशन में जिले में प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता त्यौहार मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत गांव की साफ-सफाई की जा रही है। डोंगरगांव के ग्राम रामपुर में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी-कर्मचारियों ने गांव की साफ-सफाई कर स्वच्छता त्यौहार मनाया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भरत वर्मा, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामवासियों द्वारा ग्राम रामपुर में बाजार के आसपास श्रमदान कर साफ-सफाई की गई और लोगों को घरों के साथ-साथ अपने गांव, गली-मोहल्ले को स्वच्छ रखने विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया गया। इस अवसर पर युवोदय के वालंटियर द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया।

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भरत वर्मा ने कहा कि जिले में स्वच्छता का बेहतर कार्य किया जा रहा है। प्रत्येक ग्राम में स्वच्छता त्यौहार शनिवार को मनाया जा रहा है। जिसमें आज हर गांव में स्वच्छ सुंदर ग्राम दिखाई दे रहा है। उन्होंने ग्रामीणों व जिलेवासियों से अपील किया गया कि अपने घरों से निकलने वाले सूखा कचरा को स्वच्छाग्रही दीदीयों को देने के साथ प्रत्येक परिवार को स्वच्छता शुल्क दिए जाने की अपील की गई है तथा अपने ग्राम को स्वच्छ सुंदर गांव बनाने की अपील की। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति इंदुमती चरण साहू, जनपद सदस्य मनीष साहू ने स्वच्छता रखने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया। आभार प्रदर्शन रोशनी भगत टोप्पों द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में सहायक परियोजना अधिकारी भगवती साहू, जनपद पंचायत डोंगरगांव के करारोपण अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी, मनरेगा, खंड समन्वयक, सब इंजीनियर, संकाय सदस्य, तकनीकी सहायक, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एनआरएलएम के क्षेत्रीय समन्वयक, पीआरपी महिला समूह की सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

#### स्वच्छता गतिविधियों की सराहना

जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने स्वच्छता गतिविधियों की सराहना करते कहा कि जिले में स्वच्छता त्यौहार मनाना बड़े गर्व की बात है, क्योंकि स्वच्छता से ही हमारा पूरा परिवार स्वस्थ रहता है। स्वच्छता रखने से किसी प्रकार की बीमारी होने का खतरा कम होता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील किया कि ग्राम में स्वच्छता दीदीयों का सम्मान करें और अपने घरों से निकलने वाले सूखे कचरे को स्वच्छता दीदीयों को ही दें। जिससे ग्राम में गंदगी नहीं होगी और गांव स्वच्छ रहेगा। उन्होंने ग्रामवासियों, स्कूली बच्चे तथा अधिकारी-कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाकर सभी को प्रति सप्ताह 2 घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करने व ग्राम में एक दिन साफ-सफाई करने प्रेरित किया गया।

#### स्वभाव व संस्कार में स्वच्छता होना चाहिए

जिपं सीईओ सुरूचि सिंह द्वारा बताया गया कि प्रत्येक गांव में सभी आधिकारी और कर्मचारियों तथा पंचायत सचिव, शिक्षा विभाग, बिहान की दीदीयों के साथ सभी ग्रामवासी स्वच्छता त्यौहार में सम्मिलित होते हैं। उन्होंने बताया कि देश में स्वच्छ भारत अभियान की 10वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारे स्वभाव व संस्कार में स्वच्छता होना चाहिए। जिससे हमारे जिले के गांव देश के स्वच्छ राज्यों की तरह स्वच्छ और सुंदर ग्राम के रूप में संवार रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले के डोंगरगांव, छुरिया और राजनांदगांव विकासखंड को ओडीएफ प्लस घोषित किया गया है।

---

## संस्कार सिटी में मनाया गया संविधान दिवस



**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल ने 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। इसमें संविधान के निर्माण प्रक्रिया, कार्यकारिणी समिति के सदस्य और निर्माण के समयांतरण पर विशेष ध्यान दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान की प्रस्तावना के वाचन से हुआ, जहां विद्यार्थियों ने संविधान के सम्मान की शपथ ली। विशेष प्रार्थना सभा में प्राचार्य रेखा तिवारी ने कहा कि संविधान में निहित सभी अधिकार और कर्तव्य आम नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि संविधान हमारे देश की आत्मा है और यह सभी नागरिकों के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करता है। उन्होंने बच्चों को संविधान के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने पेंटिंग के माध्यम से संविधान के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित किया। इसके अलावा, मानव श्रृंखला बनाकर संविधान के प्रति अपने समर्थन का प्रदर्शन किया गया। 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों के बीच स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंने अपने विचारों को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया। इस आयोजन में संस्था के प्रबंधक ललित अग्रवाल अध्यक्ष, अतुल देशलहरा सचिव भी ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम में जुड़े और बच्चों को संबोधित किया। इस दौरान शाला परिवार ने 26/11 मुंबई आतंकी हमले में मारे गए लोगों और जवानों को श्रद्धांजलि देने दो मिनट का मौन भी रखा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

---

### निःशुल्क स्पीच थेरेपी पंजीयन प्रारंभ



**राजनांदगांव।** अधिवक्ता संघ राजनांदगांव द्वारा सुनने व बोलने में कठिनाई का सामना कर रहे बच्चों के लिए निःशुल्क स्पीच थेरेपी जागरूकता एवं मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में स्पीच थेरेपी विशेषज्ञ रजनी राठी द्वारा बच्चों को सही बोलने और सुनने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन के लिए 8770218536 पर संपर्क किया जा सकता है।

---

### इंदिराकला संगीत विवि में एक महीने का वर्कशाप

## कला-संस्कृति की शिक्षा ले रहे भोपाल के स्टुडेंट्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



नाट्य विद्यालय भोपाल के छात्र कलाकार इन्दिरा कला संगीत विवि में छत्तीसगढ़ी संस्कृति परंपरा का बारीकी से अध्ययन कर गीत-संगीत सीख रहे हैं। मप्र शासन, संस्कृति व नाट्य विभाग और संगीत विवि के संयुक्त तत्वावधान में 16 नवंबर से 16 दिसंबर तक आयोजित एक महीने के अध्ययन-अध्यापन भ्रमण वर्कशॉप में नाट्य विद्यालय के निर्देशक टीकम जोशी के निर्देशन में स्टुडेंट्स विवि में रूककर छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य जैसे पंथी, पंडवानी, नाचा, सुआ, ददरिया सहित अन्य लोक गीत-संगीत का गहन अध्ययन कर रहे हैं। इसके साथ ही इसका मंचन कर रहे है। बीते दिनों मोहनदास चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में पंथी नृत्य, चेतन देवांगन के मार्गदर्शन में पंडवानी, पूनम विराट के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ी लोकगीत व नृत्य और डॉ परमानंद पांडेय के मार्गदर्शन में प्रदेश के पर्व गीतों पर आधारित कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। विवि के नाट्य विभाग के सहयोग से स्टुडेंट्स करमतरा पहुंचे जहां प्रसिद्ध शिव भोला नाच पार्टी का मंचन देखकर इससे अवगत हुए। कुलसचिव प्रेमकुमार पटेल ने भी लोकसंगीत एवं कला संकाय के अधिष्ठाता डॉ योगेन्द्र चौबे के साथ वर्कशॉप का अवलोकन किया। इस दौरान भोपाल के स्टुडेंट्स ने शानदार पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी। कुलसचिव ने उन्हें प्रदेश की संस्कृति और परंपरा का बारिकी से अध्ययन कराने कहा। वर्कशॉप के अंत में 15 व 16 दिसंबर को खैरागढ़ में और 19 व 20 दिसंबर को भोपाल में छत्तीसगढ़ी नाट्य गीत का मंचन किया जाएगा।

## सार समाचार

### नल जल का काम अधूरा, रामपुर में जलसंकट

**अर्जुनी।** ग्राम पंचायत रामपुर के ग्रामीणों को शीतकाल में भी जल संकट से दो-चार होना पड़ रहा है। ग्राम में जल जीवन मिशन के तहत टंकी निर्माण और पाईप लाइन का विस्तार प्रक्रियाधीन है। ठेकेदार द्वारा पाईप लाइन को पुरानी टंकी से जोड़ने के कारण गांव के कुछ हिस्सों में पानी नहीं पहुंच रहा है। ग्राम के लोकेश साहू, मनोज निर्मलकर और रामसिंह साहू ने बताया कि ग्रामीणों को इन दिनों पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। ग्राम के स्कूलपारा और तिरंगा चौक के ग्रामीण पानी को लेकर सर्वाधिक परेशान हैं। जानकारी के अनुसार जल मिशन के तहत पाईप लाइन का विस्तार जरूर किया गया है कि पुरानी टंकी से कनेक्शन को जोड़ दिया गया है। जिससे ग्रामीणों के घरों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा है। जानकारी के अनुसार दो-तीन दिन पहले रामपुर-बनभेड़ी मार्ग की पाईप लाइन को जल आवर्धन योजना के तहत पाईप बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। जिससे एक बड़ी आबादी को पानी से वंचित होना पड़ा था। ग्रामीणों ने गांव में पर्याप्त पेयजल मुहैया कराने की मांग प्रशासन से की है।





### विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव में कशिश का चयन



**राजनांदगांव।** सोलहखोली की कशिश चंदेल माता श्रीमती मालती चंदेल विकासखंड स्तरीय कला उत्सव में पहला नंबर प्राप्त किया है और उसका चयन जिला स्तरीय कला उत्सव में हुआ है। कशिश अब शीघ्र ही आयोजित होने वाले जिला स्तरीय युवा उत्सव में अपनी प्रस्तुति देगी।

### संगठन चुनाव को लेकर आज भाजपा की कार्यशाला

**राजनांदगांव।** भाजपा में चल रहे संगठन महापर्व में सदस्यता अभियान व सक्रिय सदस्यता अभियान के बाद मतदान केन्द्रीय स्तरीय समितियों के गठन का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अब पार्टी अगले चरण में मंडल व जिले के चुनाव की दिशा में आगे बढ़ रही है। इसके लिए 2 दिसंबर को दोपहर 1.30 बजे जिला भाजपा कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया है। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल व महामंत्री रविन्द्र वैष्णव के अनुसार इस कार्यशाला में अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ता ही उपस्थित रहेंगे। जिसमें सांसद, विधायक, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य, प्रदेश मोर्चा के पदाधिकारी, जिला चुनाव अधिकारियों की टीम, जिला पदाधिकारी, जिला के मोर्चा अध्यक्ष, जिला पंचायत जनपद पंचायत नगर निगम नगर पालिका व नगर पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, मंडल के अध्यक्ष, महामंत्री व मंडल प्रभारी, सक्रिय सदस्य के मंडल सहयोग, संगठन पर्व के मंडल सहयोगी व सह-सहयोगियों को आमंत्रित किया गया है।

### अग्रवाल समाज ने किया 151 सेट थाली और थैला दान

**राजनांदगांव।** आगामी हरित महाकुंभ मेला प्रयागराज में 2025 जनवरी में होने जा रहा है। इस महाकुंभ मेले में लगभग 40 टन कचरा होता है। जिसमें सबसे ज्यादा प्लास्टिक डिस्पोजल होता है। इस वर्ष होने वाले महाकुंभ मेले को प्लास्टिक मुक्त बनाने शहर की सेवाभावी संस्था पर्यावरण संरक्षण गतिविधि राजनांदगांव की टीम ने एक अभियान चलाया है। जिसमें एक थैला-एक थाली जनभागीदारी महाभियान के माध्यम से डिस्पोजल मुक्त कुंभ बनाने का एक प्रयास हो रहा है।

इसी कड़ी में इस अभियान से जुड़े अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के प्रचार-प्रसार प्रभारी राहुल अग्रवाल एवं निकुंज सिंघल ने बताया कि स्थानीय अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन राजनांदगांव की ईकाइ ने 151 सेट थाली और थैला दान किया और इस मुहिम में अपना सहयोग देकर पर्यावरण के प्रति अपनी जागरूकता को दर्शाते औरों को भी इस मुहिम में जुड़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

### संविधान हमारे राष्ट्र की अंतरात्मा है - मधुसूदन

**राजनांदगांव।** 26 नवंबर को संविधान दिवस की हीरक जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा स्थानीय अंबेडकर चौक



(स्टेडियम रोड चौक) में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजन समिति की ओर से कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, हर्ष रामटेके, पार्षद मधु बैद, मुकेश ध्रुव, कृष्णा तिवारी, पंकज कुंजरेकर, लाल मुनाई, नरेश कोचर, आशु डेहरिया, बीजेपी अनुसूचित जाति मोर्चा जिला महामंत्री दीपेश शेंडे, पदाधिकारीगण संकेत रामटेके, विनोद भारती, प्रवेश इलामकर, संतोष मेश्राम, महेश महोबे, प्रकाश गोंडाने, अनिल तुरकने, निखिलेश श्यामकुवर, राहुल मेश्राम और बौद्ध समाज के गणमान्य नागरिकगण उपस्थिति रहे। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने सभी को संविधान दिवस की शुभकामना देते डॉ. आंबेडकर के जीवन चरित्र एवं आदर्श को याद किया।

### सेवा सहकारी समिति में शपथ ग्रहण संपन्न




**राजनांदगांव।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति खोभा (सड़क चिरचारी) में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू व अध्यक्षता सड़क चिरचारी सरपंच सारिका जैन ने किया। प्राधिकृत अध्यक्ष धन्नालाल यादव ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में किसानों को 3100 रुपए के भाव से 21 किवंटल धान खरीदी किया जा रहा है। जिससे किसानों में काफी उत्साह है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सदैव किसानों के हित में काम करती है व किसानों को उनके उपज का सही दाम देने का काम भाजपा सरकार करती है। श्रीमती साहू ने कहा कि किसानों को खरीदी केंद्र में किसी प्रकार से परेशानी ना हो, नियमतः खरीदी हमारा प्रथम लक्ष्य है। उन्होंने व्यवस्था बनाए रखने कर्मचारियों से सहयोग प्रदान करने की अपील की। इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डड़सेना, एमडी ठाकुर, घासीराम साहू, अजय पटेल, संजय सिन्हा, मनीष जैन, शिवा मिश्रा, रोधन उइके, देवेंद्र महाराज, पलवी स्वामी नायडू, आनंदराम वेलेकर, ईश्वरलाल लाड़े, देवानंद सहारे, शिवकुमार कवते, देवदास साहू, शत्रुहन चंद्रवंशी, इनोवा चौहान, रेवाराम लाडेकर, धनेंद्र कोठारी, धरमबिर चंद्रवंशी सहित किसान व ग्रामीणजन बड़ी संख्या में शामिल थे।

संबंधितों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# सड़क दुर्घटनाओं को रोकने पुलिस अलर्ट

**राजनांदगांव।** जिले में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु पुलिस अलर्ट है। इस संबंध में एक बैठक लेकर पुलिस अधिकारी ने सड़क सुरक्षा संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा कर विचार-विमर्श किया।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सड़क सुरक्षा संबंधी विषयों पर 30 नवंबर को गहन चर्चा की गई। जिसमें जिले के शहर एवं ग्रामीण थानों के थाना प्रभारीगण उपस्थित थे।



## रम्बलर ब्रेकर निर्माण की जरुरत

चर्चा के दौरान यह बात सामने आई कि शहर के राज इम्पीरियल चौक में भारी वाहनों के आवागमन से बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं को देखते रम्बलर ब्रेकर निर्माण कराया जाना अति-आवश्यक है। भद्यौरिया चौक के आगे डॉमिनस पिज्जा के पास सर्विस रोड मुख्य मार्ग से मिलती है एवं नेशनल हाईवे ढलान होने से वाहनों की गति अधिक होती है। जिससे सड़क दुर्घटनाएं अधिक होती है। मुख्य मार्ग में जुड़ने से पहले सर्विस रोड में स्पीड ब्रेकर बनाया जाना आवश्यक है। आशा नगर मोड़ जीवन आवास कॉलोनी के पास ब्रेकर एवं रात्रि के समय हाई मास्क लाईट की आवश्यकता है।

## साइन बोर्ड लगाकर किया जा सकता है जागरूक

रामदरबार चौक से पहले नेशनल हाईवे ढलान होने से वाहनों की गति अधिक होती है, जहां गति नियंत्रण हेतु रम्बलर ब्रेकर दुरस्त किया जाना है। सोमनी थाना क्षेत्रांतर्गत ब्लीज होटल में रॉग साईड आने वाले वाहनों के कारण सड़क दुर्घटनाएं घटित हो रही है, जहां रोकथाम हेतु रॉग साईड नहीं चलने हेतु साईन बोर्ड लगाकर जागरूक किया जा सकता है। साथ ही रॉग साईड चलने वाले वाहनों पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई किया जा सकता है। अंजोरा बायपास के पास दुर्ग की ओर से आने वाले वाहन नेशनल हाईवे में प्रीति ढाबा के पास जुड़ते हैं, जहां अधिक सड़क दुर्घटनाएं घटित होती है। उक्त स्थान में मार्ग चौड़ीकरण एवं ट्रैफिक सिग्नल लगाकर रोड एक्सीडेंट को कम किया जा सकता है।

## यातायात नियमों का उल्लंघन होने पर कार्रवाई

साथ ही यातायात पुलिस एवं सभी थाना प्रभारियों को तेज रफ्तार वाहन चालकों, बिना हेलमेट, ओवर स्पीड वाहन चालकों शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले एवं नाबालिक बच्चों के वाहन चलाने आदि मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करने पर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया।

## होटल-ढाबों के सामने वाहन न खड़ा करें

टेडेसरा चौक के पास हाई मास्क लाईट की आवश्यकता है। नेशनल हाईवे में संचालित होटल व ढाबा संचालकों को ढाबा के सामने हाईवे में वाहन खड़ा नहीं करने पत्राचार किया गया। चिचोला में नेशनल हाईवे में रात्रि के समय वाहन बिना इंडिकेटर जलाए वाहन खड़ी करते हैं। जिससे अधिक सड़क दुर्घटनाएं घटित हो रही है। चिचोला झूरानदी के पास अंधा मोड़ होने से एक्सीडेंट की घटनाएं अधिक होती है, जहां जिग-जैग स्टॉपर, स्पीड ब्रेकर बनाकर रोड एक्सीडेंट पर कमी लाई जा सकती है। नेशनल हाईवे में कोलिहापुरी के पास रोड़ में खड़ी वाहनों को हटाया जाना आवश्यक है। लालूटोला चौक के पास हाई मास्क लाईट व ब्रेकर की आवश्यकता है। फरहद चौक में शहर से बाहर एवं डोंगरगांव की ओर से आने वाले वाहन तेजी से आते है, जहां फरहद चौक के पास स्पीड ब्रेकर, हाई मास्क लाईट एवं ट्रैफिक सिग्नल लगाना आवश्यक है।

## हाई मास्क की आवश्यकता

बालोद जाने वाले मार्ग हल्दी मोड़ नदी के पास अंधा मोड़ होने से सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है, जहां मोड़ के दोनों तरफ स्पीड ब्रेकर एवं हाईमास्क लाईट की आवश्यकता है। सुरगी चौकी क्षेत्र में कमरतरा मोड़ एवं सिघोला चौक में स्पीड ब्रेकर बनाना आवश्यक है। हल्दी-कुम्हालोरी मार्ग में पेड़ कटाई करवाना आवश्यक है। इसी प्रकार डोंगरगावं जाने वाले राजकीय राजमार्ग में जंगलपुर अन्नपूर्णा राईस मिल के पास टू-लेन से सिंगल लेन होने एवं मार्ग सकरा होने से अधिक सड़क दुर्घटनाएं घटित हो रही है। उपरोक्त सभी दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों में रम्बलर ब्रेकर, हाई मास्क लाईट, रोड चौड़ीकरण हेतु संबंधित विभाग एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी एवं पेड़ों की कटाई हेतु वन विभाग को पत्राचार किया गया।

## ग्रामीण युवा कौशल प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान के तहत ग्रामीण युवा कौशल प्रशिक्षण अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव द्वारा ग्रामीण युवाओं के लिए फलों एवं सब्जियों के कटाई पश्चात प्रसंस्करण व पैकेजिंग विषय पर सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कृषि विज्ञान केन्द्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षित कर उनके कौशल का विकास करना था। प्रशिक्षण में 28 युवाओं को फलों एवं सब्जियों के कटाई पश्चात प्रसंस्करण व पैकेजिंग एवं उसके प्रसंस्कृत पदार्थ तैयार करने की विधि के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने युवाओं को जैम, जैली, आचार, पापड़, बड़ी, मशरूम पकोड़ा एवं अन्य व्यंजन बनाने की प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया। केन्द्र के वैज्ञानिक अंजली घृतलहरे, डॉ. नूतन रामटेके, डॉ. योगेन्द्र श्रीवास द्वारा युवाओं को फ्रोजन मटर बनाने की प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया। केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. अतुल डांगे, मनीष सिंह, आशीष शुक्ला, जितेन्द्र कुमार मेश्राम द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

## हिन्दू संस्कृति सुरक्षा मंच का प्रदर्शन 3 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बांग्लादेश मे अल्पसंख्यक हिन्दू समाज पर हो रहे निरंतर अत्याचार, उत्पीड़न और हमले के विरोध में हिन्दू संस्कृति रक्षा मंच द्वारा आगामी 3 दिसंबर को महावीर चौक फ्लाई ओवर के नीचे धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

हिन्दू संस्कृति रक्षा मंच के संयोजक एमडी ठाकुर ने बताया कि बांग्लादेश कभी भारत का हिस्सा रहा है। यहां अल्पसंख्यक हिन्दू समाज का निरंतर उत्पीड़न हो रहा है। हिन्दूओ पर हमले हो रहे है और वहां समाज का जीवन संकट में है। इस मामले में पूरे विश्व के सभ्य समाज और भारत सरकार को कड़े कदम उठाने की जरूरत है। बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार के खिलाफ 3 दिसंबर को देश व्यापी धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

### सर्वेक्षण समिति की बैठक 6 को

**राजनांदगांव।** अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में मैनुअल स्कैवेंजर्स के तहत हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिशेध और उनका पुनर्वास अधिनियम के तहत 6 दिसंबर को पूर्वान्ह 11 बजे जिला कार्यालय के अपर कलेक्टर कक्ष क्रमांक 49 में जिला स्तरीय सतर्कता एवं सर्वेक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई है। समिति के सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

# पेंशनर्स का डिजिटल जीवित प्रमाणपत्र बनाने शिविर

**राजनांदगांव।** संस्कारधानी के ईपीएस-95 पेंशनर्स के डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र बनाने एक दिवसीय शिविर का आयोजन सुबह 10.30 से शाम 5 बजे तक सामुदायिक भवन लेबर कॉलोनी तुलसीपुर राजनांदगांव में आयोजित किया गया। यह शिविर संयुक्त रूप से सचिव ईपीएस-95 पेंशनर राष्ट्रीय संघर्ष समिति जिला ईकाई राजनांदगांव एवं ईपीएफओ रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई।

आयोजन में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव मुख्य अतिथि व अध्यक्षता सुरेश ठाकुर सहायक आयुक्त (भविष्य निधि) रायपुर ने की। विशेष अतिथि अखिल भारतीय ईपीएस-95 पेंशनर्स संघर्ष समिति के अध्यक्ष कमांडर अशोक राउत एवं ईपीएस-95 पेंशनर्स राजनांदगांव के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार वर्मा सहित एजाजुर रहमान ईपीएस-95 समन्वयक (ईस्ट इंडिया) मंच पर उपस्थित रहे। आयोजन समिति के सदस्यो में




नजीर अहमद, बीएम विश्वकर्मा, देवेन्द्र कुमार रामटेके, मोहम्मद फारूख, अजय शुक्ला एवं साथियों ने पेंशनर्स शिविर के आयोजन में सक्रिय रूप से सहभागिता प्रदान की। आयोजन में अतिथियों का स्वागत अधिकारी सुरेश ठाकुर को प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन के हाथों सम्मानित किया गया। सभा को संबोधित करते पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने आयोजन समिति द्वारा जनहित में आयोजित इस शिविर की प्रशंसा करते ईपीएस-95 पेंशनर्स के लंबे संघर्ष को प्रेरणादायक बताया और पेंशनर्स को हरसंभव सहयोग देने अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की। उन्होंने ईपीएस-95 पेंशनर्स को न्यूनतम प्रतिमाह 7500 रुपए पेंशन की मांग का भी समर्थन किया।

अधिकारी सुरेश ठाकुर ने मुख्यतः पेंशनर्स को केन्द्र शासन द्वारा डीए की दर में वृद्धि किए जाने पर इसका लाभ ईपीएस-95 पेंशनर्स को भी दिए जाने की मांग रखी। एजाजुर रहमान ने कहा कि उनकी टीम विगत 11 वर्षो से हर साल नवंबर के अंतिम सप्ताह में इस पेंशनर्स जीवित प्रमाण पत्र शिविर का आयोजन कर जिले के ईपीएस-95 पेंशनर्स को राहत पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। आयोजन के पश्चात पूर्व सांसद मधुसूदन ने शिविर में वरिष्ठ नागरिकों एवं वार्डवासियों से भेंट मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और उनकी समस्याओं का भी समाधान किया।

पृष्ठ 13 का शेष

### कांग्रेस भवन में...

इस दौरान कांग्रेस नेताओं और व्यापारियों के बीच तीखी बहस भी होती रही।

कुछ भी लिखित नहीं देने का आरोप- कांग्रेस भवन परिसर में बने दुकानों पर व्यवसाय कर रहे संजय वाघेला, मुकेश गुप्ता, नरेंद्र सिंह सोलंकी, रामखिलावन सोनकर ने कहा कि लगभग तीन पीढ़ियों से उनका परिवार यहां व्यवसाय कर रहा है। कांग्रेस पदाधिकारी द्वारा बिना नोटिस दिए भवन को तोड़ा जा रहा है। जिससे दुकान की दीवारें हिल रही है। उन्होंने कहा कि जयस्तंभ चौक की ओर के दुकानदारों से 45 लाख रुपए पगड़ी मांगी जा रही है। वहीं पीछे गोल बाजार क्षेत्र के दुकानदारों से 35 लाख मांगा जा रहा है। इतनी रकम देने कोई भी दुकानदार सक्षम नहीं है। उन्होंने कहा कि दुकानों को तोड़ने के बाद वर्तमान में जो दुकानदार यहां व्यवसाय कर रहे हैं, उन्हें दुकान दिया जाएगा या लिखित में भी नहीं दिया जा रहा है। वहीं उन्होंने कोर्ट जाने की बात भी कही है।

# गायत्री में विज्ञान मेला का आयोजन

**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ में विज्ञान मेला का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने विज्ञान, हिन्दी, संस्कृत, सामाजिक विज्ञान, आर्ट एवं क्राफ्ट जैसे विषयों पर एक से बढ़कर एक ज्ञानवर्धक, रोचक एवं उपयोगी मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

मेला का शुभारंभ गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, सचिव गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल द्वारा किया गया। साथ ही संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी हरीश गांधी, रूपाली गांधी, एकेडमिक डायरेक्टर अमित उत्तलवार, प्राचार्य शैलजा नायर, पिंकी खंडेलवाल, सीमा श्रीवास्तव, उपप्राचार्य रश्मि ठाकुर, वंदना डुंभरे, तामेश्वरी साहू, स्कूल मैनेजर तरणजीत सिंह टूटेजा, प्रशासक अनिल वाजपेयी, विज्ञान विभाग के एचओडी संतु गुप्ता, आशीष शर्मा, शाला के विद्यार्थीगण, शहर के गणमान्य नागरिक एवं



विद्यालय के शिक्षकों की उपस्थिति में की गई। विद्यार्थियों विभिन्न मॉडल प्रस्तुत किए गए, जो बेहद ज्ञानवर्धक, रोचक व शिक्षाप्रद रहे। मुख्य रूप से विज्ञान मॉडल्स के साथ-सार्थ इंग्लिश आर्चर्ड, नुक्कड़ नाटक, गायत्री हेल्थ सेंटर, ईवीएम मशीन, रोबोटिक्स आदि आकर्षण का केंद्र रहा। साथ ही "रील वर्सेस रियल लाईफ" विषय पर आधारित नुक्कड़ नाटक बेहद प्रभावी रहा, जो शिक्षक राहुल जैन के निर्देशन में तैयार किया गया था। विद्यालय के बच्चों द्वारा विज्ञान के आधुनिकतम खोज के रूप में कई मॉडल्स ने लोगों का ध्यान खींचा। इसी प्रकार प्री-प्राईमरी व प्राईमरी के बच्चों द्वारा अनेक शानदार मॉडल प्रस्तुत किए गए। जिसमें मुख्य रूप से ट्रैफिक सिग्नल, बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम, मानव शरीर की संरचना, जल संरक्षण, हमारे संस्कार आदि मॉडल प्रस्तुत किए गए। विज्ञान मेले का अवलोकन करते सचिव गगन लड्ढा ने कहा कि दृढ़ इच्छा शक्ति व परिश्रम से हर क्षेत्र में आप सफल हो सकते हैं। प्राचार्य शैलजा नायर ने भी अपने विचार रखे। आभार प्रदर्शन उपप्राचार्य रश्मि ठाकुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता उषा झा, क्रीडाधिकारी अखिलेश मिश्रा द्वारा किया गया। वीडियोग्राफी व्याख्याता आशीष सोनवानी द्वारा किया गया।

# सालों से जब्त अवैध शराब का जखीरा नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सालों से जब्त अवैध शराब को आज गैंदाटोला एवं छुरिया पुलिस द्वारा नष्ट किया गया।

पुलिस के अनुसार 1 दिसंबर को थाना गैंदाटोला एवं थाना छुरिया पुलिस द्वारा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजनांदगांव ओम साहू की उपस्थित में आबकारी अधिनियम के तहत थानों में जब्त अवैध देशी, विदेशी और महुआ शराब का नष्टीकरण किया गया।

जिसमें थाना गैंदाटोला के वर्ष 2015 से 2018 तक आबकारी मामले में रखे 75 प्रकरणों में 193.360 बल्क लीटर एवं थाना छुरिया के वर्ष 2014 से 2021 तक आबकारी मामले में रखे 86 प्रकरणों में 882.17 बल्क लीटर शराब कुल 161 प्रकरणों में 1,075.53 बल्क लीटर अवैध शराब को मुख्य मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में थाना छुरिया के पुराना धान मंडी परिसर में विधिवत नष्टीकरण किया गया। इस दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजनांदगांव ओम साहू थाना प्रभारी गैंदाटोला निरीक्षक रमेश पटेल, थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक संतोष भार्य एवं थाना स्टाफ मौजूद थे।



# राजीव की जयंती व पुण्यतिथि पर स्वदेशी चिंतन संगोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्वदेशी के प्रणेता राजीव दीक्षित की जयंती एवं पुण्यतिथि पर गौ संस्कृति अनुसंधान संस्थान राजनांदगांव द्वारा मां पंचगव्य चिकित्सा केन्द्र महामाया चौक बसंतपुर में स्वदेशी चिंतन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में राजीव दीक्षित द्वारा देश व समाज के हित में स्वदेशी व गौरक्षा के लिए किए गए कार्यों को स्मरण किया गया।



गौ संस्कृति अनुसंधान संस्थान के अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता ने कहा कि राजीव भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार आज भी जीवित है। राजीव ने जो स्वदेशी का बीज बोया था, वह आज वटवृक्ष बन गया है और पूरे देश में स्वदेशी के विभिन्न क्षेत्रों में युवा कार्य कर रहे हैं। संयोजक आर्य प्रमोद कश्यप ने कहा कि राजीव के विचारों पर चलना एक क्रांतिकारी कार्य है। जिसमें व्यक्ति चलते ही जाता है और अपना पूरा जीवन समर्पित कर देता है। गव्य सिद्धाचार्य डॉ. मुकेश स्वर्णकार ने राजीव द्वारा किए गए कार्यों के संबंध में जानकारी दी। गव्य सिद्ध डॉ. डिलेश्वर साहू ने कहा कि स्वदेशी एक शब्द नहीं है, इसमें गौसेवा, गुरूकुल, अर्थव्यवस्था, आयुर्वेद सहित विभिन्न विषय समाहित है। संगोष्ठी में हार्दिक कोटक, पुरूषोत्तम देवांगन, प्रज्ञानंद मौर्य, किशोर साहू, टीकम पटेल, आर्य हिमाशुं, आर्य अतुल, धर्मराज यादव, आर्य तुषार, संतोष साहू, किशोर महेश्वरी, धर्मेन्द्र साहू, उपेन्द्र साहू, ज्ञानचंद साहू, मोनिका साहू, त्रिलोकी साहू, मनोज शुक्ला, आयान एवं आराध्या सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

## बच्चों को योग एवं स्वदेशी के प्रति किया जागरूक

स्वदेशी के प्रख्यात वक्ता राजीव दीक्षित की जयंती एवं पुण्यतिथि पर गौ संस्कृति अनुसंधान संस्थान राजनांदगांव के मार्गदर्शन में शिक्षा संस्कार फाउंडेशन द्वारा मोतीपुर वार्ड ढाबा रोड स्थिति उद्यान में योग एवं स्वदेशी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षक किशोर महेश्वरी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों एवं नागरिकों को योगाभ्यास कराया गया। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन योगाभ्यास करने से मन की शांति, तनावमुक्त जीवन, शरीर की थकान, रोगमुक्त शरीर होता है। साथ ही मांसपेशियों के लचीलेपन, बेहतर पाचन तंत्र, आंतरिक अंग मजबूत बनता है तथा एकाग्रता और याददाश्त भी बढ़ती है। गौसंस्कृति अनुसंधान संस्थान के अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और बच्चों व बड़ों को भी मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने नियमित योगाभ्यास करना चाहिए। उन्होंने राजीव दीक्षित को सोशल मीडिया पर सुनकर स्वदेशी को अपनाते देश एवं समाज के हित में कार्य करने प्रेरणा किया। गव्य सिद्ध डॉ. डिलेश्वर साहू ने बच्चों को शरीर और मन को स्वस्थ्य रखने घर पर बने चावल, दाल, सब्जी रोटी, सलाद एवं अन्य पौष्टिक आहार लेने कहा। शिक्षा संस्कार फाउंडेशन के अध्यक्ष धर्मराज यादव ने बच्चों को राजीव दीक्षित द्वारा देश एवं समाज के लिए किए गए कार्यों के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान अतिथियों द्वारा बच्चों को पाठ्य सामग्री का वितरण भी किया गया। इस दौरान राजीव यादव, शेषनारायण देवांगन, हार्दिक कोटक, पुरूषोत्तम देवांगन, प्रज्ञानंद मौर्य, टीकम पटेल, आर्य हिमाशुं, आर्य अतुल, आर्य तुषार, संतोष साहू, किशोर महेश्वरी, विजय यादव, गोलू यादव, दीपक साहू, हेमंत देवांगन सहित बड़ी संख्या में बच्चे एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।



## खरखरा बांध से 24 घंटे दिलवाएं पानी

**राजनांदगांव।** पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने विधायक व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मांग करते कहा कि खरखरा बांध से पाईप लाइन जुड़वाकर 24 घंटे पानी अमृत का दिलावाएं।



उन्होंने डॉ. सिंह से मांग करते कहा कि आपके मुख्यमंत्री कार्यकाल में राजनांदगांव शहर को अमृत मिशन योजना के अंतर्गत लगभग 210 करोड़ रुपए की राशि की स्वीकृति नई पाईप लाइन के विस्तार और 24 घंटे शहर की आम जनता को पर्याप्त मात्रा में पीने का शुद्ध पानी प्राप्त हो सके, इस उद्देश्य से केंद्र सरकार से यह अमृत मिशन योजना की राशि राजनांदगांव नगर पालिक निगम को भी प्राप्त हुई।

## आगजनी : शार्ट सर्किट के चलते वाहन में अचानक लगी आग, यात्री सुरक्षित

# यात्रियों से खचाखच भरी बस में लगी भीषण आग, खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

रविवार की देर शाम दुर्ग से लखनऊ जा रही एक यात्री बस में अचानक आग लग गई। आग लगने का कारण बस में हुए शार्ट सर्किट को बताया रहा है। हालांकि बस में आग भड़कने से पहले ही सभी यात्री सुरक्षित नीचे उतर गए थे, लेकिन इस अग्नि दुर्घटना में बस जलकर पूरी तरह से खाक हो गई। अब यात्रियों को दूसरी व्यवस्था से उनके ठिकाने तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को एक यात्री बस दुर्ग से यात्रियों को भरकर पंडरिया होते हुए कुई-कुकदुर के रास्ते लखनऊ के लिए निकली थी। बताया जाता है कि यात्रियों से खचाखच भरी इस बस के पंडरिया-बजाग मार्ग स्थित कुकदुर थाना क्षेत्र के हनुमत खोल पहुंचने पर अचानक आग लग गई। इसे गनीमत ही कहें की शार्ट सर्किट से उत्पन्न चिंगारी से बस में लगी इस आग की भनक बस सवारों को समय रहते लग गई और चालक ने सुरक्षित ढंग से बस को रोककर सभी यात्रियों को सुरक्षित नीचे उतार दिया। वहीं घटना की जानकारी कुकदुर पुलिस तथा दमकल अमले को दी गई। लेकिन समय रहते आग को काबू नहीं किए जाने के कारण देखते ही देखते बस पूरी तरह से खाक हो गई। बहरहाल अब बस सवार यात्रियों को उनके ठिकाने तक पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है।

### लम्बी दूरी की बसों में लगातार हो रहे हादसे




गौरतलब है कि जिले से होकर गुजरने वाली लम्बी दूरी की बसों में लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। देखा जाए तो इससे पूर्व भी पंडरिया-बजाग मार्ग में लम्बी दूरी की कई बसें हादसों का शिकार हो चुकी है। जिनमें कई लोग घायल भी हो चुके हैं और कुछ की जान भी जा चुकी है। बताया जाता है कि रविवार को भी जिस बस में आग लगी है वह लम्बी दूरी की बस थी और यात्रियों से खचाखच भरी थी। ऐसे में माना यहीं जा रहा है कि संचालक बसों की फिटनेश और यात्रियों की सुरक्षा के प्रति गंभीर नहीं है।

# नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ संपन्न

- श्रीमद्भावगत कथा के समापन दिवस उमड़ी भक्तों की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव



दुल्लापुर-रबेली में नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन 23 से 29 नवम्बर तक अंगीरा गोत्रीय विप्र समाज में आयोजित किया गया। जिसमें दंडी स्वामी ब्रम्चारी ज्योतिर्मयानंद महराज सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा के श्रीमुख से संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में आसपास क्षेत्र के श्रद्धालु व भक्तजन कथा रसपान कर अपने जीवन को कृतार्थ किया। कथा वाचक दंडी स्वामी ने समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को कल्याण रूपी आशीर्वाद प्रदान किए। उक्त जानकारी आचार्य प्रशांत शर्मा ने दिया।

## संभाग स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता में पिपरिया महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**हरिभूमि पिपरिया।** संभाग स्तरीय एथेलेटिक्स खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव में आयोजित किया गया। जिसमें महंत श्रीराम जानकी शरण दास वैष्णव शासकीय महाविद्यालय पिपरिया के प्रतिभागियों ने 06 मेडल पदक प्राप्त कर संभाग स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिनमें छात्र सीताराम ने 80 मीटर भाला फेंककर गोल्ड मेडल के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया व सीताराम ने 100 मीटर गोला फेंककर गोल्ड मेडल के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सीताराम ने ऊंची कूद में सिल्वर मेडल के साथ द्वितीय स्थान तथा अनिल ध्रुर्वे गोला फेक में सिल्वर मेडल प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहें वहीं छात्रा वंदना चंद्रवंशी 200 मीटर दौड़ में ब्राउंस मेडल प्राप्त कर तृतीय स्थान रही एवं छात्रा नोमिन निषाद ने ऊंची कूद में ब्राउंस मेडल के तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। जिस पर प्राचार्य डॉ एसके श्रीवास ने प्रतिभागियों छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा की पढ़ाई के साथ साथ खेल-कूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यार्थी अपना कैरियर बना सकते है। वही स्टेट कोच प्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि ऐसे प्रतिभावान छात्राओं से अन्य विद्यार्थी खेल के प्रति प्रेरित होंगे। वहीं महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने विजयी प्रतिभागियों को बधाई दी। साथ ही साथ महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सत्येंद्र चंद्रवंशी, बृजभूषण वर्मा, जेपी साहू, सीआरसाहू, अभिजीत केशरवानी एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने विजयी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

### खबर संक्षेप

## अजीत जोगी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बनेः अतुल राज




**हरिभूमि कोलेगांव।** अतुल राज को अजीत जोगी युवा मोर्चा कबीरधाम का जिलाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। जिससे क्षेत्र के युवाओं में नई दिशा मिलेगी एवं एक अच्छा परिणाम सामने आएगा। अतुल राज ने कहा की पार्टी ने उस पर जो भरोसा जताया है उस पर उन्होने तन-मन-धन से पार्टी के लिए मेहनत कर शत-प्रतिशत खरा उतरने का भरोसा जताया। अतुल राज के जिलाध्यक्ष बनने पर युवाओं व ग्रामवासियों में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी के निर्देशानुसार एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष रेणु जोगी, प्रदेश महामंत्री सौरभ झा, जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी के सहमति से नियुक्त किए, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बनते ही अतुल राज को जिला के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं नें बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

# ग्राम दौजरी के किसान गुड्डी पद्धति से गन्ना फसल की जुताई-बुआई कार्य में जुटे

- गरीब, मजदूर परिवार को गांव मे मिल रहा रोजी-रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर



विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत दौजरी निवासी किसान गौकरण साहू, नकुल साहू, राजू कुमार साहू व गोवर्धन चंद्रवंशी द्वारा गन्ना फसल की खेती किसानी कार्य में जुटे हुए है। ग्रामीण किसानों द्वारा गन्ना को छोटे-छोटे टुकड़े में काट कर बीज तैयार कर रहे हैं साथ ही खेतों की जुताई कर खेतो मे नाली निकालकर गुड्डी पद्धति से गन्ना फसल की बुआई कार्य जोर शोर से किया जा रहा है। ग्रामीण किसानों से मिली जानकारी के अनुसार गन्ना फसल की पैदावार के लिए बीज को 320 रुपए में खरीद एक एकड़ गन्ना खेतों में 35 से 40 क्विंटल तक गन्ना बीज का गुड्डी पद्धति से बुआई कार्य किया जा रहा है। जिसमें ग्रामीण महिला-पुरुष व गरीब किसान मजदूर सुबह से देर शाम तक बुआई कार्य में जुटे हुए है। जिससे ग्रामीण गरीब मजदूर परिवार को 200 से 300 रूपए रोजी रोटी ग्राम मे ही मिल रही है। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में जगह जगह कई छोटे बड़े कारखाना संचालित होने से ग्रामीण किसानों को दोगुना लाभ व आर्थिक स्थिति में सुधार हो रही है।

## कुकदुर में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ठक्कर बापा की 155 वीं जयंती



**हरिभूमि कुई कुकदुर।** शुक्रवार को शासकीय अनुदान प्राप्त बापा माध्यमिक शाला केन्द्र कुकदुर में अधीनस्थ बापा प्राथमिक शालाओं के साथ वनवासी सेवा मंडल के संस्थापक लाल विटठल दास ठक्कर का 155वी जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बापा प्राथमिक शाला जुगराटोला, बूचीपारा, देवसरा एवं पूर्व माध्यमिक शाला कुकदुर के छात्र छात्राओं न शानदार मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। केन्द्राधिपाटक एम एल झारिया के सानिध्य एवं मार्गदर्शन ने कार्यक्रम को केन्द्र के अधिनस्थ शिक्षकों द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती मीना पाण्डेय द्वारा विधिपूर्वक कार्यक्रम शुभारंभ किया, वहीं छात्र छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ किया जिसमें स्कूली विद्यार्थियों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें भाषण, गीत, कविता, चुटकुले, कामेडी, करमा नृत्य आदि की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस दौरान ग्राम सरपंच, उपसरपंच, पंच गण व गणमान्य नागरिक गण सहित संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक उपस्थित थें। इस अवसर पर बाल मेला एवं न्योता भोजन का आयोजन किया गया। वहीं कार्यक्रम के अंत में अधिपाठक एमएल झारिया द्वारा आभार व्यक्त की गई एवं शिक्षक एके हरदहा, फिरदोष खान, गोकुल साहू की सराहनीय योगदान रहा।

# पंडरिया शक्कर कारखाना में भ्रष्टाचार पर लगी रोकः अश्वनी यदु

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



पंडरिया जनपद पंचायत के सभापति अश्वनी यदु ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि भाजपा सरकार के नेतृत्व में पंडरिया शक्कर कारखाने में लंबे समय से फैली भ्रष्टाचार पर रोक लग गई है। सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल में इस कारखाने में न केवल पारदर्शिता आई है, बल्कि क्षेत्र में विकास की एक नई कहानी भी लिखी जा रही है।

श्री यदु ने कहा की पूर्ववर्ती सरकार के दौरान यह कारखाना में भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया था, अधिकारी व ठेकेदार अपने निजी स्वार्थ के लिए इसका दुरूपयोग कर रहे थें। भाजपा सरकार ने इस स्थिति को बदलने के लिए सख्त कदम उठाए और कारखाने में हर प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया। पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने अपने ईमानदारी और कर्मठ व्यक्तित्व से आम नागरिकों का विश्वास जीता है। उन्होने सुनिश्चित किया कि शक्कर कारखाने सहित अन्य विभागों में भ्रष्टाचार के लिए कोई जगह न रहें। हर चौंक चौराहों पर लोग विधायक भावना बोहरा के प्रयासों की सराहना कर रहे है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि सरकारी नौकरी में अब किसी तरह की सिफारिश या भ्रष्टाचार की कोई जगह नही होगी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के बयान अब केवल योग्यता के आधार पर मिलेगी।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

# स्वच्छ भारत मिशन व पीएम आवास योजना के कार्यों का किया मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा




जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) व प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत हो रहे कार्यों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान जनपद पंचायत बोड़ला अंतर्गत ग्राम चौरा, छपरी व कटगो और सिंघनपुरी में चल रहे घर-घर कचरा कलेक्शन और आवास निर्माण कार्यों का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान महिला स्व-सहायता समूह की सदस्यों से चर्चा कर कचरा संग्रहण और उसकी छटाई की प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली गई। उन्होंने बताया कि प्रत्येक घर से कचरा संग्रह कर उसे सेग्रीगेशन शेड में छांटा जाता है, जिससे आमदनी का एक नया जरिया बन रहा है। महिला समूह को प्रोत्साहित करते हुए सीईओ श्री त्रिपाठी ने कहा कि यह कार्य न केवल आपके व्यवसाय को स्थायित्व देगा, बल्कि क्षेत्र में स्वच्छता की नई मिसाल भी कायम करेगा। अन्य गांव के लोग भी इससे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने जनपद पंचायत के सीईओ को निर्देशित किया कि सभी ग्राम पंचायतों में कचरा संग्रहण कार्य को प्रोत्साहित किया जाए और महिला समूहों को इससे जोड़ते हुए उनके व्यवसाय को सशक्त बनाया जाए। साथ ही भोरमदेव मंदिर क्षेत्र में प्लास्टिक प्रतिबंध लागू करने और इसके लाभों के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने के निर्देश भी दिए। स्वच्छता और आत्मनिर्भरता की दिशा में यह पहल न केवल ग्रामीण विकास को नई गति देगी, बल्कि महिलाओं को सशक्त बनाते हुए उनकी आर्थिक स्थिति को भी मजबूत करेगी।

## पुलिसिंग को आधुनिक और प्रभावी बनाने की दिशा में पहल

# थाना क्षेत्र में बीट प्रणाली को सुदृढ़ बनाने का अभियान




हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह नें जिले के सभी थाना क्षेत्रांतर्गत में बीट प्रणाली को प्रभावी और मजबूत बनाने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इस दिशा में प्रत्येक थाने में ग्रामवार बीट चार्ट को अद्यतन करने का कार्य किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के तहत संबंधित थाना प्रभारी, बीट प्रभारी और बीट आरक्षक के नाम और मोबाइल नंबर सार्वजनिक रूप से ग्राम स्तर पर प्रदर्शित किए जा रहे हैं, ताकि नागरिकों को अपने क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों तक तत्काल और सहज पहुंच प्राप्त हो सके। अभियान की निगरानी और समन्वयन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल व पंकज पटेल के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। साथ ही अनुविभागीय अधिकारी संजय ध्रुव, अखिलेश कौशिक, कवर्धा प्रतीक चतुर्वेदी और लोहरा कृष्ण कुमार चंद्राकर इस अभियान को अपने-अपने क्षेत्रों में कुशलता से लागू करने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। बीट प्रणाली पुलिसिंग का आधारभूत अंग है, जिसके तहत प्रत्येक बीट के लिए एक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया जाता है। बीट प्रभारी और आरक्षक स्थानीय नागरिकों के साथ निरंतर संपर्क में रहते हुए उनकी समस्याओं को प्राथमिकता से सुलझाने का प्रयास करते हैं।

इस प्रणाली के पुनर्जीवित होने से नागरिक अपने क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों से तुरंत संपर्क कर सकेंगे, अपराधियों पर निगरानी और अपराधों की रोकथाम में सहायता मिलेगी, पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल और विश्वास कायम होगा, और स्थानीय विवादों और शिकायतों का समय पर समाधान होगा। जिले के सभी ग्रामों में संबंधित थाना प्रभारी, बीट प्रभारी, और बीट आरक्षक के मोबाइल नंबर ग्राम पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शित किए जा रहे हैं। बीट प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्र के नागरिकों के साथ संवाद बढ़ाएं और उनके मुद्दों को संवेदनशीलता से हल करें।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि बीट प्रणाली को प्रभावी बनाना न केवल नागरिकों के लिए पुलिस सेवा को सुगम बनाएगा, बल्कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखने में भी मददगार साबित होगा। उन्होंने यह भी अपील की कि नागरिक अपने क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों के संपर्क में रहें और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि या समस्या की जानकारी पुलिस को तुरंत दें। जिला पुलिस कबीरधाम का यह प्रयास न केवल पुलिसिंग को आधुनिक और प्रभावी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि जनता और पुलिस के बीच सकारात्मक संबंध स्थापित करने में भी मील का पत्थर साबित होगा।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।

▸ श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**मौसम:** बीते कई दिनो से आसमान में छाई बदली, बारिश की आशंका

# अंचल का बिगड़ैल मौसम कभी भी दे सकता है दगा, किसानों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

बीते दो-तीन दिनो से अंचल के मौसम ने जिस ढंग से अपना मिजाज बदला है उसे देखते हुए इस बात की पूरी आशंका है कि मौसम कभी भी दगा दे सकता है और ऐसा हुआ तो निश्चित ही एक बार फिर किसानो के सामने गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है। यहां बताना लाजिमी होगा कि बीते कुछ वर्षो से कबीरधाम जिले के मौसम की ये तासीर बन चुकी है कि वर्ष के इन दिनो में धान कटाई के बाद अचानक मौसम अपने मिजाज बदल देता है जिससे धान कटाई के बाद किसानो द्वारा ली जाने वाली गेंहू, चना, मसूर, तिवरा सहित अन्य रबी फसलों को भारी नुकसान होता है। मौसम का ऐसा ही मिजाज इस बार भी देखने को मिल रहा है। बीते दो-तीन दिनो से अंचल का मौसम पूरी तरह बदल चुका है। आसमान में बादलों ने ढेरा डाल दिया है और भगवान भास्कर अदृष्य हो चुके हैं। ऐसे में कभी भी बादल बरसने लगे तो कोई अचरज की बात नहीं है। दूसरी तरफ ठंड लगभग गायब सी हो चुकी है। माना जा रहा है कि मौसम का यह बिगडैल मिजाज कभी भी आफत खड़ी कर सकता है। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस समय किसानो के खेतों में गेंहू, चना, मसूर, तिवरा सहित अन्य दलहन फसलें ली जा रही है जिनकी बोनी हो चुकी है, जिन किसानो ने चने की बोआई पहले कर दी थी उनमें तो फूल-फल भी आने लगे हैं। वहीं अंचल में इन दिनो गन्ना कटाई व पेराई तथा समर्थन मूल्य में धान खरीदी का कार्य भी जोरों से चल रहा है। ऐसे में अगर कहीं मौसम दगा देता है तो निश्चित ही किसानो के लिए भारी समस्या खड़ी हो जायेगी।

### केन्द्रों में खुले आसमान के नीचे पड़ा है धान



यहां बताना लाजिमी होगा कि इस समय जिले के करीब 108 धान खरीदी केन्द्रों में शासन द्वारा समर्थन मूल्य में धान की खरीदी की जा रही है। जहां प्रतिदिन जिले के किसान अपनी फसल लेकर पहुंच रहे हैं। बीते 14 नवम्बर से जारी धान खरीदी के चलते इन धान खरीदी केन्द्रों में धान का अच्छा खासा स्टाक भी जमा हो गया है और किसानो से खरीदा गया धान फिलहाल केन्द्रों में असुरिक्षत ढंग से खुलेआसमान के नीचे केन्द्रों में ही रखा है। माना जा रहा है कि अगर ऐसे में बेमौसम बारिश होती है तो निश्चित रूप से करोड़ों का धान प्रभावित होगा। जिससे शासन को और किसानो को भारी नुकसान की आशंका बनी हुई है।

### मौसम साफ होने के बाद ठंड दिखायेगी असर

आसमान में दिनभर काले बादलों का डेरा होने के कारण ठंड लगभग गायब सी हो गई है। शहरी क्षेत्रों में तो लोग अब बगैर गर्म कपड़ों के ही काम चला रहे है हालांकि वनांचल ईलाकों में ठंड का कुछ असर देखा जा रहा है लेकिन माना जा रहा है कि मौसम साफ होने के बाद समूचे जिले में ठंड अपना असर दिखायेगी।

# बोड़ला जनपद पंचायत के निलंबिल लेखापाल राऊतर के ठिकाने पर एसीबी का छापा

- एसीबी की टीम ने कवर्धा सहित राउतकर के तीन ठिकानो में दी दबिश, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

रिश्वतखोरी के आरोप में जिले की जनपद पंचायत बोड़ला के निलंबित लेखापाल नरेन्द्र राउतकर के ठिकानो पर एक बार फिर एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने छापामार कार्यवाही की है। जानकारी के मुताबिक एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रविवार की सुबह करीब 6.00 बजे कवर्धा पहुंचकर जनपद पंचायत बोड़ला के निलंबित लेखापाल नरेन्द्र राउतकर के कवर्धा नगर की आनंद विहार कॉलोनी स्थित मकान सहित उनके दो अन्य ठिकानो में दबिस दी है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम श्री राउतकर के परिजनो से लम्बी पूछताछ कर रही है। इसके अलावा उनके राजनांदगांव स्थित एक ठिकाने में भी एंटी करप्शन ब्यूरो की दूसरी टीम ने दबिस दी है और यहां भी तमाम दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि गत दिनो जनपद पंचायत बोड़ला में पदस्थ लेखापाल नरेन्द्र राउतकर द्वारा संरपंचों से भवन निर्माण के एवज में 1 लाख 20 हजार रूपए की रिश्वत मांगे जाने की शिकायत ग्राम पंचायत दुर्जनपुर के सरपंच व कुकरापानी के सरपंच प्रतिनिधि मोतीराम बैगा ने दर्ज कराई गई थी।



जिसके आधार पर 12 सितम्बर को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बोड़ला जनपद पंचायत पहुंचकर श्री राउतकर को नगदी रकम के साथ गिरफ्तार किया था। इस मामले में गिरफ्तार श्री राउतकर अभी करीब महिने भर पूर्व ही जमानत पर रिहा हुए हैं और एक बार फिर एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने उसके ठिकानो पर दबिस दी है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस बार की छापामार कार्यवाही पुराने मामले को लेकर ही की गई है या फिर श्री राउतकर के खिलाफ कोई नई शिकायत अथवा मामला सामने आया है।

## खबर संक्षेप



### स्कूली बच्चों को कराया गया भ्रमण

**बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम सारंगपुर खुर्द स्थित है जहां श्रद्धालु भक्त जन डॉक्टर गोवर्धन सिंह ठाकुर श्री पंचदेव मंदिर ट्रस्ट की अध्यक्ष ने विशाल श्री पंचदेव मंदिर का निर्माण कराया गया है जो जिले में से एक अलग पहचान और प्रसिद्ध है जो जगन्नाथ मंदिर के तर्ज पर विराजमान है जहां श्रीराम दरबार शिव दरबार हनुमान दरबार स्थापित किया गया है जिसमे दर्शन के लिए आसपास दूर दराज के श्रद्धालु भक्तों तथा स्कूली बच्चे पहुंच कर तथा दर्शन कर मनोकामनाओं तथा प्रार्थना कर आशीर्वाद मांग रहे हैं और श्री पंचदेव मंदिर परिसर पर गार्डन की भी व्यवस्था की गई है।

### सड़कें बनाने 15.25 करोड़ रुपए की मंजूरी

**कवर्धा।** राज्य सरकार ने पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के लिए 10 व कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के लिए 4 कुल 14 सड़क स्वीकृत की है। इन पर 15 करोड़ 25 लाख रुपए व्यय होंगे। इन सड़कों का निर्माण प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत किया जाएगा। इससे राहत मिलेगी।

### राज्य वीरता पुरस्कार आवेदन 2 जनवरी तक

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के बच्चों को दिए जाने वाले राज्य वीरता पुरस्कार के लिए 2 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। किसी घटना विशेष में उनके अदम्य साहस के लिए प्रत्येक वर्ष पांच बालक-बालिकाओं को राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इसके तहत पांच बालक-बालिकाओं को 25-25 हजार रुपए व प्रशस्ति पत्र पुरस्कार के रूप में प्रदान किया जाएगा। आवेदक जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग में 2 जनवरी 2025 तक आवेदन जमा कर सकते हैं। पुरस्कार के लिए बालक-बालिका की आयु घटना दिनांक को अधिकतम 18 वर्ष तक होनी चाहिए। वीरता कार्य 1 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 के मध्य की होनी चाहिए। आवेदक छत्तीसगढ़ का निवासी होना चाहिए। यह पुरस्कार किसी भी बालक बालिका को केवल एक ही बार प्राप्त हो सकेगा। प्रविष्टियों में बालक या बालिकाओं का पूर्ण परिचय बालक-बालिकाओं द्वारा किसी घटना विशेष में अदम्य साहस, शौर्य एवं बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में किये गये कार्यों की सप्रमाण विस्तृत जानकारी उल्लेखित हो।

# हाईटेक बस स्टैंड पहुंच मार्ग निर्माण का निरीक्षण

## कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश



- 4.20 किलोमीटर लंबी सड़क को हो रहा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने रविवार को कवर्धा शहर के बहुप्रतिक्षित ठाकुरदेव चौक से हाईटेक बस स्टैंड (जुनवानी चौक) तक 11 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

4.20 किलोमीटर लंबी इस सड़क के चौड़ीकरण और उन्नयन कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी ली। कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूरा हो और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप हो।

उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य की नियमित निगरानी और मॉनिटरिंग की जाए ताकि किसी भी समस्या का तत्काल समाधान हो सके। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी, एसडीएम अनुपम टोप्पो, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता परघनिया, सीएमओ रोहित साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### हाईटेक बस स्टैंड मार्ग पर होगा बेहतर आवागमन

ठाकुर देव चौक से हाईटेक बस स्टैंड तक बनाई जा रही नवीन चौड़ी और पक्की सड़क कवर्धा शहर के लिए अत्यधिक उपयोगी साबित होगी। कलेक्टर ने कहा कि इस मार्ग के उन्नयन से शहरवासियों को आवागमन में सुगमता और सुविधा मिलेगी। चौड़ी सड़क बनने से व्यस्त समय में ट्रैफिक जाम की समस्या का समाधान होगा, जिससे यात्रियों और वाहन चालकों को राहत मिलेगी। यह सड़क हाईटेक बस स्टैंड जैसे महत्वपूर्ण स्थल को शहर के अन्य हिस्सों से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगी। यात्रियों और दैनिक यात्राओं के लिए यह मार्ग अधिक सुरक्षित और तेज होगा। क्षेत्र में बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए, यह उन्नत सड़क शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी और हाईटेक बस स्टैंड तक पहुंचना आसान बनाएगी।

### सड़क से जुड़ी सुविधाएं और संभावनाएं

सड़क के निर्माण से हाईटेक बस स्टैंड तक पहुंचने वाले यात्री, स्कूली छात्र, व्यापारी और अन्य वर्गों को बड़ी सुविधा मिलेगी। यह मार्ग कवर्धा शहर के यातायात तंत्र का एक मजबूत हिस्सा बनेगा, जिससे दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों और अन्य शहरों से जुड़ने वाले मार्ग और भी प्रभावी बनेंगे। बेहतर कनेक्टिविटी से व्यापारिक गतिविधियां तेज होंगी, स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, और समय की बचत होगी।

# कवर्धा नगर में शिक्षक क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज, शिक्षकों खिलाड़ियों ने दिखाए जौहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



भोरमदेव शिक्षक क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा नगर के स्वामी करपात्री जी स्टेडियम में आयोजित टीपीएल (टीचर प्रीमियर लीग) जिला स्तरीय शिक्षक क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को हुआ। इस प्रतियोगिता में जिले के कुल 19 जोन की टीम ने भाग लिया है। शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत की अध्यक्ष इंद्राणी चंद्रवंशी ने कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। शारीरिक रूप से मजबूत रहने के लिए खेल आवश्यक है। शिक्षकों के लिए कराया जा रहा यह आयोजन सराहनीय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका के अध्यक्ष मनहरण कौशिक व विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी, भाजपा के शहर मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उद्घाटन मैच रणवीरपुर जोन टीम व तरेगांव जंगल जोन टीम के मध्य हुआ। रणवीरपुर जोन टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 5 विकेट खोकर 89 रन बनाए। दूसरे इनिंग में बल्लेबाजी करने उतरी तरेगांव जंगल टीम ने 8 ओवर 3 गेंद में 90 रन बनाकर मैच जीत लिया। टीम के खिलाड़ी हासिल साहू ने सर्वाधिक 36 रन बनाए। जो मैन ऑफ द मैच बने। मैच के दौरान खिलाड़ी शिक्षकों ने अपने जौहर दिखाए। प्रतियोगिता का अगला मैच 7 दिसंबर शनिवार को दो व 8 दिसंबर रविवार को तीन मैच खेला जाएगा

### शासकीय शिक्षकों के लिए आयोजन

आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि शासकीय स्कूलों के शिक्षकों की प्रतिभा को निखारने, उचित अवसर व मंच प्रदान करने व शिक्षकों में खेल भावना का विकास करने के उद्देश्य से यह आयोजन कराया जा रहा है। प्रत्येक शनिवार व रविवार को मैच होगा। आयोजन को लेकर शिक्षकों में उत्साह है।

# अद्विका को सिंगिंग कॉम्पिटिशन में मिली प्रथम रैंक

कवर्धा। नगर की नन्हीं गायिका अद्विका रावत ने ऑनलाइन सिंगिंग कॉम्पिटिशन में फर्स्ट प्राइज ए प्लस प्लस रैंक हासिल कर नगर को गौरवान्वित किया है। इमरांस सुपर मेलोडियस वॉइस नेशनल एंड इंटरनेशनल ऑन लाइन सुपर सिंगिंग कॉम्पिटिशन सीजन 47 में अपनी सुरीली प्रस्तुति से अद्विका ने अल्प आयु में ही उपलब्धि हासिल की है। सात वर्षीया अद्विका शिक्षक दंपति रमेश रावत एवं अनिता रावत की सुपुत्री हैं। उन्होंने खुशियां जाहिर कर अपनी बिटिया के सक्सेस को गौरव का पल बताया है। अशोका पब्लिक स्कूल में कक्षा दूसरी में पढ़ रही अद्विका के एफर्ट पर स्कूल के डायरेक्टर, प्रिंसिपल, टीचर्स एवं फ्रेंड्स ने ढेरों शुभकामनाएं दी हैं। अद्विका के पापा एक सिंगर भी हैं, पापा से बहुत कुछ सीख रही अद्विका बड़ी होकर स्टार सिंगर बनने की चाह रखती हैं। पेरेंट्स का मानना है कि सिंगिंग में परफैक्शन के लिए सरगम जरूरी है, इसलिए इस दिशा में प्रयासरत हैं। ऑनलाइन कॉम्पिटिशन में अद्विका ने आर डी बर्मन के संगीत से सजे कुमार सानू के गीत को बहुत ही खूबसूरती से निभाया है। सिंगिंग कॉम्पिटिशन के डायरेक्टर इमरान खान ने रिजल्ट्स अनाउंसमेंट के दौरान नन्हीं अद्विका की सिंगिंग की जमकर तारीफ की है, उन्होंने बच्ची की वॉइस क्वालिटी को बेहतर बताते हुए टैलेंट की सराहना की है। साथ ही भविष्य की सुपर सिंगर बताते हुए दुवाएं एवं बधाइयां दी हैं।



सुदूर वनग्राम पंडरीपानी व गजईडबरी में 280 कंबलों का किया गया वितरण

# लायंस क्लब ने जिले के आदिवासियों को बांटे कंबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



लायंस क्लब ने रविवार को सुदूर वनग्राम पंडरीपानी और गजईडबरी में अभावग्रस्त बैगा आदिवासी पुरुष स्त्रियों के बीच 280 कंबल वितरित किए। आदिवासी बच्चों को फल बिस्किट चॉकलेट भी दिए गए। ज्ञात हो कि क्लब की ओर से हर वर्ष शीत ऋतु में सिग्नेचर प्रोग्राम के तहत आदिवासी इलाकों में कंबल का वितरण किया जाता है। वितरण कार्यक्रम में इस क्षेत्र के सरपंच दशरथ मेरावी, पंच प्रताप मेरावी, राजू खुसरो, रंजीत मेरावी और शिक्षक शत्रुहन नेताम ने सक्रिय सहयोग दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान रेंगाखार के पुलिस उप निरीक्षक सुनील यादव और उनके साथियों ने सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराई। संवेदनशील क्षेत्र होने की वजह से क्लब ने कबीरधाम के पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह छवई से सुरक्षा देने का अनुरोध किया था। उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष प्रेमचंद श्रीश्रीमाल, माइक्रो चेयरपर्सन नीरज मंजीत छाबड़ा, जोन चेयरपर्सन सुशीला श्रीश्रीमाल, पूर्व अध्यक्ष डॉ. नरेश कुमार यदु, डॉ. संगीता चौहान, मनोज कुमार ठाकुर, ज्ञानचंद जैन ने लायंस क्लब के सेवाभावी कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वंचित अभावग्रस्त पीड़ित जन को यथासंभव राहत पहुंचाना और सामाजिक समरसता विकसित करना ही लायंस क्लब का पहला लक्ष्य है। इसी उद्देश्य को लेकर वर्ष भर क्लब की ओर से सेवा कार्य किए जाते हैं और समाज विकास के लिए विभिन्न विषयों पर आयोजन किया जाता है। इस कार्यक्रम में लायन पदाधिकारियों के अलावा लायन महेन्दर छाबड़ा, रामेश्वर गुप्ता, राजेन्द्र ठाकुर, ज्ञानचंद जैन, प्रमोद कोचर, यतीश चोपड़ा, बद्री चन्द्रवंशी, अजय गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, मनीष अग्रवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम के पश्चात प्रेमचंद ने बताया कि कंबल बाँटने के लिए लायन सदस्यों ने खुले दिल से दान दिया है तभी हम यह कार्यक्रम सफल कर पाए हैं और इसी श्रृंखला में 15 दिसंबर को सुदूर वनग्राम में आदिवासियों के बीच दैनिक उपयोग की वस्तु 200 टिफिन बॉक्स बांटे जाएंगे। उन्होंने पुलिस अधीक्षक सहित सुरक्षा में तैनात लोगों और ग्रामवासियों को भी धन्यवाद दिया।

# शासन द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्यों में बरती जा रही अनियमितता

- खड़ौदाखुर्द में कार्य ऐजेंसी बना रही गुणवत्ता विहीन पक्की नाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के ग्रामीण अंचलों में शासन-प्रशासन तथा क्षेत्रीय जनप्रतिधियों द्वारा ग्रामीणों की मांग एवं आवश्यकता के अनुसार लाखों रूपए के छोटे बड़े विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदान की जा रही है। लेकिन संबंधित कार्य ऐजेंसी और उनके ठेकेदारों द्वारा इन निर्माण एवं विकास कार्यो में भारी अनियमितता बरतते हुए गुणवत्ता विहीन कार्यो को अंजाम दिया जा रहा है जो ग्रामीणों को जरा भी रास नहीं आ रहा है। निर्माण कार्य में गड़बड़ी का एक ऐसा ही मामला विकासखण्ड कवर्धा के ग्राम खड़ौदाखुर्द से सामने आया है। ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा ग्राम खड़ौदाखुर्द में ग्रामीणों की मांग पर पक्की नाली निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। लेकिन संबंधित कार्य ऐजेंसी और उसके ठेकेदार द्वारा न तो नाली में पर्याप्त ढलान दिया जा रहा है और न ही इसकी तराई की जा रही है। वहीं अनुपात विहीन निर्माण सामग्री का भी उपयोग किया जा रहा है। जिससे नाली में पानी जाम होने की आशंका बनी हुई वहीं इसकी गुणवत्ता पर भी सवाल खड़ा हो रहा है। ऐसे में ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस निर्माण कार्य की जांच कराई जाए और स्वीकृत कार्य को व्यवस्थित तथा सही ढंग से पूर्ण कराया जाए।

